

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 30 अप्रैल 2026 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष -42 ■ अंक-032 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 1 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## नेता प्रतिपक्ष का अशासकीय संकल्प अग्राह्य

# विधानसभा के विशेष सत्र में हंगामा

**रायपुर, 30 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

विधानसभा के विशेष सत्र में आज नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत का महिला आरक्षण के लिए अशासकीय संकल्प अग्राह्य कर दिया गया। डॉ. महंत ने महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यमान क्षेत्र में एक तिहाई आरक्षण का प्रस्ताव रखा था। विधानसभा का विशेष सत्र आज शुरू हुआ।

सदन में सीएम विष्णुदेव साय ने शासकीय संकल्प रखा। इसमें यह कहा गया कि नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए संसद, और विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण परिसीमन की प्रक्रिया पूरी कर लागू किया जाए, इस पर चर्चा की शुरूआत से पहले नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने अशासकीय संकल्प की सूचना दी। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यमान क्षेत्र में एक तिहाई आरक्षण दिया जाए। अशासकीय संकल्प पर स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि विशेष सत्र के विषय निश्चित रहते हैं। इसके लिए शासकीय संकल्प प्रस्तुत किया जा चुका है। इसके बाद परम्परानुसार कोई अशासकीय संकल्प पर चर्चा हो नहीं सकती। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के अशासकीय संकल्प को अग्राह्य कर दिया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि सीएम पहले निंदा प्रस्ताव लाने की बात कह रहे थे। इस पर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि बाहर कही गई बातों पर सदन के भीतर चर्चा नहीं हो सकती है। स्पीकर ने भी इस पर सहमति जताई। इसके बाद भाजपा सदस्य लता उसेंडी ने प्रथम वक्ता के रूप में चर्चा की शुरूआत की। विधायक लता उसेंडी ने अपनी बात रखते हुए सदन में कहा,, देश भूला नहीं है, शाहबानो केस को, प्रसिद्ध मामला मुस्लिम पत्नियों से संबंधित है। सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला सुनाया उसके विरोध में लोकसभा में कानून लाया गया। भाजपा ने कभी वोट बैंक की राजनीति नहीं की, जहां महिलाओं की हित की बात आई सारे निर्णय किया। तीन तलाक के विरोध में कानून लाने की बात लोकसभा में जब पीएम ने प्रस्ताव रखा इसके विरोध में किन किन लोगों ने विरोध किया। कांग्रेस के दबाव के कारण शाहबानों को पीसी करना पड़ता है मुझे भरण पोषण नहीं चाहिए। यह कांग्रेस का चरित्र है पूरी दुनिया देख रही है।



शाहबानों प्रकरण के बाद आधी आबादी कांग्रेस को कभी माफ नहीं कर पाई यह एक महिला या समुदाय की बात है यह देश की आधी आबादी की बात है समानता और संतुलन की बात है।

कांग्रेस का पक्ष रखते हुए अनिला भेड़िया ने कहा कि महिला आरक्षण का कांग्रेस समर्थन करती है. महिला आरक्षण 2029 में लागू किया जाना चाहिए. 2023 में बिल पारित है. इसे तत्काल लागू किया जाना चाहिए. जिन्होंने नारी का अपमान किया उसका विनाश हुआ है. रामायण में माता सीता का हरण और रावण का विनाश नारी अस्मिता और स्वाभिमान की रक्षा और सम्मान का उदाहरण है.

### दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि

रायपुर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोकसभा से पारित नहीं हो पाने पर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र शुरू हो गया है. छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व सदस्य जगेश्वर राम भगत और छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की सदस्य रहीं मोहसिना किदवई के निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए सदन की कार्यवाही शुरू हुई.

## बच्चे की मौत के बाद हॉस्पिटल में हंगामा

**महासमुंद,30 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिला मेडिकल कॉलेज से एक दर्दनाक और विवादित मामला सामने आया है, जहां 3 साल के मासूम बच्चे की मौत के बाद अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं, हालांकि अस्पताल प्रशासन ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। महासमुंद जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चरौदा निवासी सतवन बांधे अपने 3 वर्षीय बेटे लक्ष्य बांधे को जांघ में दर्द की शिकायत के बाद जिला मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे। परिजनों के अनुसार, अस्पताल में डॉक्टरों ने बच्चे की खून जांच और एक्स-रे कराने की सलाह दी थी। शुरुआती इलाज के बाद बच्चे को भर्ती किया गया, लेकिन आरोप है कि रातभर बच्चा दर्द से तड़पता रहा और उसे उचित इलाज नहीं मिला। परिजनों का कहना है कि अस्पताल स्टाफ का रवैया लापरवाह और गैर-जिम्मेदाराना था, जिसकी वजह से मासूम की जान चली गई। बच्चे की मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया और ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों व स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

## तेंदुए का शिकार और खाल तस्करी का भंडाफोड़

**जगदलपुर,30 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में वन्यजीवों के अवैध शिकार और



तस्करी के खिलाफ वन विभाग को एक बड़ी कामयाबी मिली है। राज्यस्तरीय उड़नदस्ता टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक वयस्क तेंदुए की खाल के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है जानकारी के अनुसार, रायपुर की राज्यस्तरीय उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जगदलपुर क्षेत्र में कुछ लोग तेंदुए की खाल बेचने की फिराक में हैं। सूचना की पुष्टि के बाद टीम जगदलपुर पहुंची। तस्करों को रंगे हाथ पकड़ने के लिए वन विभाग के सदस्यों ने खुद व्यापारी (ग्राहक) बनकर आरोपियों से संपर्क साधा। जैसे ही खाल की पुष्टि हुई, टीम ने घेराबंदी कर पांचों आरोपियों को धर दबोचा। एसडीओ वीएन नाग ने बताया कि आरोपियों ने तुमनार और गुमलनार के जंगलों में जाल बिछाकर एक तेंदुए का शिकार किया था। बरामद खाल को देखकर अनुमान लगाया गया है कि तेंदुए की उम्र लगभग तीन से चार वर्ष रही होगी। शिकारियों ने खाल को करीब छह माह तक सुखाया था और वे लंबे समय से ग्राहक की तलाश कर रहे थे। वन विभाग ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान सुंदरलाल, धरमु, डियालु, दिनेश और गोगरु यादव के रूप में हुई है। इन सभी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम (वन अधिनियम) की विभिन्न धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की गई है।

## चलती कार में आग,5 की मौत

**नई दिल्ली,30 अप्रैल।** राजस्थान के अलवर जिले से एक बड़े सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार, अलवर के लक्ष्मणगढ़ इलाके में एक कार में आग लगने से पांच लोग जिंदा जल गए। यह हादसा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बुधवार, 29 अप्रैल की देर रात हुआ। लोगों की माने तो चलती कार में ही अचानक आग लग गई। इस दौरान ड्राइवर ने बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाई। वहीं, मरने वाले लोग मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के रहने वाले थे और वैष्णो देवी से दर्शन कर लौट रहे थे। फिलहाल, मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।

## पुणे की केमिकल फैक्ट्री में क्लोरीन गैस लीक

**पुणे,30 अप्रैल।** गंगाधाम चौक इलाके में देर रात एक केमिकल कंपनी में क्लोरीन गैस लीक होने की घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, कंपनी की टंकी से गैस रिसाव हुआ है। इस गैस लीक के कारण करीब 24 लोगों को सांस लेने में तकलीफ हुई, जिनमें से कुछ को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बचाव कार्य के दौरान अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी और एक जवान की भी तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए अग्निशमन दल के करीब 30 जवानों ने बीए सेट पहनकर स्थिति को नियंत्रण में किया। फिलहाल हालात काबू में बताए जा रहे हैं और आगे की जांच जारी है।

# दुर्ग-बिलासपुर में ईडी की दबिश

### बिल्डर व सराफा कारोबारी के ठिकानों पर पहुंची टीम

**भिलाई/बिलासपुर 30 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

दुर्ग जिले में प्रवर्तन निदेशालय ने आजजिले के नामी अमर बिल्डर के संचालक चतुर्भुज राठी के ठिकानों पर छापा मारा है। कार्रवाई महेश कॉलोनी स्थित निवास पर चल रही है इस के अलावा अमर इंफ्रा के दफ्तर में भी जांच चल रही है। सुबह-सुबह दी दबिश दी गई। मिली जानकारी के मुताबिक ईडी के अधिकारी सुबह 6:00 बजे दो गाड़ियों में पहुंचे। टीम दस्तावेजों,कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच कर रही है। हालांकि ईडी की ओर से अब तक इस कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। ईडी की एक टीम के भिलाई 3 में भी छापे की सूचना है। ईडी की इस कार्रवाई को भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि दुर्ग के अमर इंफ्रा ग्रुप के तहत 6 से अधिक फॉर्म संचालित है। जिनके वित्तीय लेनदेन और निवेश से जुड़े रिकॉर्ड खंगाल जा रहे हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले भाजपा के पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के रिश्तेदार के घर भी ईडी ने छापे की कार्रवाई की थी। उनके चचेरे भाई के घर दबिश देकर दस्तावेजों की जांच की गई थी। नेताओं से जुड़े घोटाले के तार भारतमाला परियोजना घोटाले में ईडी पूर्व मंत्रियों विधायकों के साथ दिग्गज भाजपा, कांग्रेस और जोगी कांग्रेस से जुड़े नेताओं की भूमिका की जांच कर रही है। उनके करीबी और रिश्तेदारों के नाम सामने आए हैं। जिनके जरिए जांच एजेंसी नेताओं तक कड़ियां जोड़ रही है इस मामले में करीब दो दर्जन प्रॉपर्टी डीलर और बिचौलियों के नाम भी सामने आए हैं। उच्च अधिकारियों के रिश्तेदारों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है बिलासपुर में भी प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने दबिश दी है. शहर के बड़े सराफा कारोबारी विवेक अग्रवाल के घर और दुकान पर सुबह से पहुंची ईडी की टीम दस्तावेजों की पड़ताल कर रही है. विवेक अग्रवाल की मध्यनगरी चौक में श्रीराम ज्वेलर्स के नाम से ज्वेलरी शॉप है. विवेक अग्रवाल के भाई विकास अग्रवाल को शराब घोटाले में आरोपी अनवर ढेबर का करीबी बताया जा रहा है. 2000 करोड़ के कथित घोटाले के सिंडिकेट का मेंबर विकास अग्रवाल फरारी काट रहा है.



# भारत लंबी जंग के लिए तैयार था, हमने अपनी शर्तों पर रोका था आपरेशन सिंदूर

**नई दिल्ली,30 अप्रैल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिस तीखे अंदाज में पाकिस्तान और आतंकवाद को ललकारा, वह स्पष्ट चेतावनी थी। उन्होंने साफ कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को भारत ने अपनी शर्तों पर स्वेच्छा से रोका था। राजनाथ सिंह ने दो टूक कहा कि अगर जरूरत पड़ती तो भारत लंबी जंग के लिए पूरी तरह तैयार था और आज भी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देश के पास अचानक जरूरत पड़ने पर अपनी ताकत को कई गुना बढ़ाने की क्षमता है, जो पहले से कहीं अधिक मजबूत हो चुकी है। उन्होंने आतंकवाद को लेकर भारत की नई नीति को बेहद साफ शब्दों में रखते हुए कहा कि अब आतंकवाद और उसे पालने पोसने वालों में कोई फर्क नहीं किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की शून्य सहनशीलता नीति ने भारत को नई दिशा दी है। रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान पर सीधा प्रहार करते हुए उसे अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का केंद्र बताया। उन्होंने तीखे व्यंग्य में कहा कि जहां भारत दुनिया में सूचना प्रौद्योगिकी के लिए जाना जाता है, वहीं पाकिस्तान दूसरी तरह की आईटी यानी अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का अड्डा बन चुका है। ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए उन्होंने इसे भारत की रणनीतिक सोच में एक बड़ा मोड़ बताया। राजनाथ सिंह ने आतंकवाद की जड़ों पर भी गहरा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद केवल एक घटना नहीं बल्कि तीन स्तरों पर काम करता है– संचालन, विचार और राजनीति। जब तक इन तीनों पर एक साथ चोट नहीं की जाएगी, तब तक इस समस्या का अंत संभव नहीं है।



# अपना कानून बदलिए और नागरिकों का सम्मान कीजिए मैडम

**नई दिल्ली,30 अप्रैल।** सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग लड़की के गर्भपात से जुड़े एक मामले में सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। सुको में कोर्ट के एक हालिया आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें 15 साल की एक रेप पीड़िता को 31 हफ्ते की प्रेग्नेंसी को खत्म करने की इजाजत दे दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को खारिज करते हुए कहा कि सरकार को नागरिकों के चुनाव का सम्मान करना चाहिए और समय के हिसाब से कानून को बदलने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। सुको ने यह भी कहा कि रेप के मामलों में गर्भपात के लिए कोई समय सीमा नहीं होनी चाहिए।इससे पहले 24 अप्रैल को न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने नाबालिग को गर्भपात की अनुमति दी थी। इस फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायधीश जस्टिस सूर्यकांत ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी को फटकार लगाते हुए कड़े शब्दों में कहा, "रेप के बाद उस बच्ची ने जो तकलीफ झेली है, उसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता।" उन्होंने सरकारी वकील से कहा, "नागरिकों का सम्मान करें, मैडम। आपके पास चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। केवल पीड़िता या उसका परिवार ही चुनौती दे सकता है।"इससे पहले ऐश्वर्या भाटी ने सरकार की ओर से तर्क देते हुए कहा था कि अब गर्भ को खत्म करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, "बच्चा जीवित जन्म ले सकता है, जिसमें गंभीर दिक्कतें होंगी। नाबालिग मां को जीवनभर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं और वह भविष्य में मां नहीं बन पाएगी। इस बच्चे को गोद दिया जा सकता है। अब 30 सप्ताह हो चुके हैं। अब बच्चा जीवन जीने की स्थिति में है।"हालांकि जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने इन तर्कों को दरकिनार करते हुए फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि फैसला पीड़िता और उसके माता-पिता की मर्जी पर ही निर्भर करेगा और एम्स उन्हें सोच-समझकर फैसला लेने में मदद कर सकता है।

**सरकारी वकील पर बरस पड़े सीजेआई सूर्यकांत**

**'बच्चे को गरिमा के साथ जीने दो'**-सुनवाई के दौरान बेंच ने एक ज़ोरदार टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर यह एक बच्चे और भ्रूण के बीच की लड़ाई बन गई है, तो बच्चे को गरिमा के साथ जीने दिया जाना चाहिए।

# प्लास्टिक फैक्ट्री में आग,गोदाम खाक

**रायपुर,30 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सड्डू इलाके में स्थित कवल मल्टीलेयर प्लास्टिक फैक्ट्री में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में पूरा गोदाम इसकी चपेट में आ गया। घटना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। अब तक दमकल की 5 गाड़ियां आग बुझाने के कार्य में जुटी हैं, जबकि और वाहनों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इसके अलावा पुलिस और फायर ब्रिगेड की संयुक्त टीम भी मौके पर मौजूद है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

गौरतलब है कि आग की कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों को फैक्ट्री परिसर में प्रवेश करने से रोका गया और रिपोर्टिंग के दौरान उनके साथ बदसलूकी की गई। वीडियो जर्नलिस्ट को भी कैमरा चलाने से रोक दिया गया। इस घटना के बाद पत्रकारों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। यह पूरा मामला विधानसभा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और नुकसान का आकलन आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद ही संभव होगा।

### प्रतियोगिताओं की बढ़ती पुरस्कार राशि और आपसी योगदान का महत्व

# 21वीं सदी उनकी जो शारीरिक रूप से फिट

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

भारत सहित दक्षिण एशियाई देशों और मध्यपूर्व के देशों में क्रिकेट मुकाबले के दौरान दर्शकों की जितनी भीड़ होती है वह किसी भी अन्य खेल में नहीं पाई जाती है। दुनिया में बहुखेल टूर्नामेंट जैसे आधुनिक ओलंपिक खेलों, महाद्वीपीय याने एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों में दर्शकों की कुल उपस्थिति को छोड़ दिया जाए तो फुटबाल, टेनिस, बास्केटबाल, मुक्केबाजी, रग्बी, बेसबाल, व्हालीबाल, बैडमिंटन के टूर्नामेंट को प्रत्यक्ष रूप से मैदान में जाकर देखने वालों की संख्या बहुत कम होती है। एक आकलन के अनुसार फुटबाल के बाद सबसे अधिक दर्शक उपस्थिति वाला खेल टेनिस है। टेनिस में चार ग्रेंड स्लेम प्रतियोगिताओं को सबसे प्रतिष्ठित माना जाता है। इसमें विंबल्डन की शुरुवात लंदन में 1877 में हुई, यूएस ओपन न्यूयार्क में 1881, फ्रेंच ओपन 1891 में फ्रांस में जबकि ऑस्ट्रेलियन ओपन 1906 से आरम्भ हुई। अगर हम टेनिस के उपरोक्त चैंपियनिशिप के कोर्ट की सतह और स्टेडियम में दर्शकों की उपस्थिति की बात करें तो विंबल्डन के कोर्ट की सतह ग्रास की, दर्शक क्षमता 14949, यूस ओपन की हार्डकोर्ट, दर्शक क्षमता 23971, फ्रेंच ओपन व ऑस्ट्रेलियन ओपन के मैच हार्डकोर्ट में खेले जाते हैं जिसमें दर्शक क्षमता क्रमशः 15000 तथा 14800 है।

आगामी 24 मई से आरंभ होने वाली फ्रेंच ओपन के लिए इस वर्ष इनामी राशि को दस प्रतिशत बढ़ाई गई है और अब कुल 677 करोड़ रुपये की राशि पुरस्कार के तौर पर प्रतिभागियों को दी जाएगी। इसमें महिला व पुरुष एकल के विजेताओं को 30.75 करोड़ की बराबरी की राशि दी जाएगी। आम तौर पर जब दर्शक हो, टेनिस प्रेमी हो या खेल प्रेमी हो जब 677 करोड़ की राशि वितरित किए जाने की बात सुनते हैं तो आश्चर्य लगता है, लेकिन यह सब राशि मीडिया के प्रसारण अधिकार, स्टैडियम में मैच देखने वालों व कुछ अन्य से श्रोतों से प्राप्त हो जाता है। हमारे देश में क्रिकेट मैच से होने वाली आय और खिलाड़ियो, प्रशिक्षकों, स्टाफ आदि को पुरस्कार स्वरूप दी जाने वाली राशि सबसे बड़ी होती है।जबकि प्रति टिकट दर चालीस हजार दर्शकों में तीन हजार से अधिक शायद ही होती होगी। 677 करोड़ की धनराशि को इनाम स्वरूप दिए जाने के लिए विंबल्डन के आरंभिक मैच से प्रति टिकिट दर 15 से 25 हजार रूपए तक होती है। इसी तरह यूएस ओपन की टिकिट पांच हजार से 22 हजार, फ्रेंच ओपन की 06 हजार से 21 हजार तथा आस्ट्रेलियाई ओपन की 03 हजार से 20 हजार तक प्रति मैच होती है। टूर्नामेंट आगे बढने से टिकिट की दर बढ़ते जाती है।हाल ही में टेनिस इतिहास का सबसे महंगा टिकिट बिक्री वाला मुकाबला यूस ओपन में 2026 में हुआ जब मुकाबला जोकविच और अलकाराज के बीच ßफाइनल हुआ। इसमें समय स्थिति थी कि एक टिकिट 12 लाख रुपए की बिकी। उपरोक्त सभी जानकारी देने का तात्पर्य यह बताना है कि विदेश में खेल को पूरी तरह मनोरंजन के रूप में देखा जाता है। प्रत्येक खेल प्रेमी भले ही हर खेल को प्रत्यक्ष रूप से ना देखे लेकिन वह पसंद के किसी एक खेल को देखता है तो फिर उसके प्रवेश टिकिट के लिए पैसा जमा करने की शुरुआत कर देता है। विदेशियों की जीवन शैली पूरी तरह व्यवस्थित रहती है। हमें उपरोक्त आकलन से लेनी सीख लेनी चाहिए ताकि हम खेल व खिलाड़ियों को समृद्धि बनाने में मददगार हो सके।सिर्फ किसी एक खेल को बढ़ावा न देकर हमें कम से कम ओलंपिक के 28 गेम्स में से किसी एक को बढ़ावा अपने सोच व आर्थिक सहयोग द्वारा देना चाहिए। भारत को खेलमय बनाने के लिए केंद्र सराकर अब विभिन्न खेलों में क्लबों के गठन और उनके बीच स्पर्धा कराने प्रसासरत है। यह सबकुछ इसलिए क्योंकि खेलकूद स्वस्थ्य जीवन का मूलमंत्र है और 21वीं सदी के अपाधापी भरी जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए भारत के प्रत्येक कामगार को स्वस्थ व चुस्त दुरुस्त होना अति आवश्यक है। अतः 21वीं सदी में आवश्यक है कि भारतवासियों के सोच में खेल के प्रति सकारात्मक भाव उत्पन्न हो।

## गलवान के बाद पहली बार भारत दौरे पर आएंगे जिनपिंग

**नई दिल्ली,30 अप्रैल।** साल 2020 की हिंसक गलवान झड़प के बाद से भारत और चीन के बीच कूटनीतिक संबंधों में जो बर्फ जमी थी, वह अब धीरे-धीरे पिघलती हुई नजर आ रही है। हालिया घटनाक्रमों और कूटनीतिक वार्ताओं से यह लगभग साफ हो गया है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस साल भारत की मेजबानी में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत का दौरा करेंगे। 2020 के गलवान विवाद के बाद यह शी जिनपिंग की पहली भारत यात्रा होगी, जो कूटनीतिक लिहाज से एक बहुत बड़ा कदम है। भारत इस वर्ष ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। हाल ही में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच हुई बातचीत में चीन ने भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता को अपना पूर्ण समर्थन देने की बात दोहराई है।भारत और चीन ब्रिक्स तंत्र के तहत अपने आपसी सहयोग को मजबूत करने के लिए लगातार एक-दूसरे के संपर्क में हैं। एक तरफ जहां चीन ने ब्रिक्स समूह की वर्तमान अध्यक्षता के लिए भारत का पूरा समर्थन किया है, वहीं भारत सरकार ने भी इस तंत्र के तहत आयोजित विभिन्न गतिविधियों में चीन द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना की है।

# दीपशिखा विद्यालय का बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 30 अप्रैल।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई का बोर्ड परीक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा कक्षा 10 वीं में चेतना देशमुख एवं फलेश देवांगन ने समान अंक 92.17त्न लेकर विद्यालय एवं अंचल को गौरवान्वित किए। वहीं सुजल साहू गणित विषय में शत प्रतिशत अंक लेकर 88.5 प्रतिशत, द्वितीय, युक्ता यादव 86 प्रतिशत, तृतीय, मेघा राजपूत 85.16प्रतिशत चतुर्थ ,चेतना भारती 82 .83प्रतिशत पंचम इशांत 81.5त्न छठवां,फाल्गुनी साहू 80 प्रतिशत सातवां, शुभम साहू 79.83प्रतिशत



आठवां, राहुल देशमुख 78 .5 प्रतिशत 9वां मुस्कान देवांगन 77.83प्रतिशत दसवां, एकता वर्मा 77.6प्रतिशत ग्यारहवां, प्राची यादव 77.5 प्रतिशत बारहवां, अनुष्का वर्मा, कुंजल साहू, सनोबर राम 76.83 प्रतिशत



13वां स्थान अर्जित किए।

इसी प्रकार हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा कक्षा 12वीं में वेदांत वर्मा ने 91.4प्रतिशत लेकर विद्यालय प्रावीण्य सूची में अव्वल रहे तथा विद्यालय एवं अपने क्षेत्र को गौरवान्वित किया। हर्षिता बारले 89.4 प्रतिशत द्वितीय, श्रेया शेमुअल 89.2 प्रतिशत तृतीय भूमिका साहू 82.8 प्रतिशत चतुर्थ,मानसी बेन टॉक 82.4प्रतिशत पांचवा गीतिका 79.8प्रतिशत छठवां काजल राठौर 79.4प्रतिशत सातवां ,विनय वर्मा 76.8प्रतिशत आठवां टिनल 75.6प्रतिशत नौवा प्राची साहू 75.4प्रतिशत, दसवां प्राची साहू 75.4प्रतिशत ग्यारहवां,पीयूष कुमार साहू 75प्रतिशत अंक लेकर बारहवां स्थान अर्जित किए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति के डायरेक्टर डी एल सिन्हा, प्राचार्य के आर सिन्हा, बोर्ड परीक्षा प्रभारी एन के चंद्राकर, इंग्लिश मीडियम प्रभारी प्राचार्य शांता सोनवानी अनीता अहीर, प्रधान पाठक शरणजीत कौर, एस आर सेन,प्रमोद कुमार, प्रदीप सिंह, बी एल यादव, विश्वजीत मुखर्जी, वंदना सोनवानी, भूमिका साहू, प्रियंका साहू, गौरव शर्मा, भावना बिजौर, हेमलता वर्मा, द्रोण कुमार मांडले, मंजू साहू, तरुण यादव, के के साहू, वर्षा साहू, पूर्णिमा साहू, सुनीता नायक, गीतांजलि मानिकपुरी, प्रतिभा साहू सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं पालक शिक्षण समिति के सदस्य घनश्याम चंद्राकर, उत्तम कुमार साहू, डोमन साहू, ललित कुमार, रजनीश कुमार, तुलसी देवांगन ,झरना हिरवानी, विद्या साव ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## समाचार संक्षेप

# सीजी बोर्ड परीक्षा परिणाम में बीएसपी स्कूलों का बेहतर प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**भिलाई, 30 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में बीएसपी संचालित विद्यालयों ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। कक्षा 10वीं परीक्षा में बीएसपी के दो विद्यालयों से कुल 107 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें 77.57 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिर्री माइंस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 89.66 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। यहां 29 में से 26 विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए। वहीं भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 का परिणाम 69.23 प्रतिशत रहा, जहां 78 में से 41 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। मेरिट सूची में भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। हंसिका पाल और के. हरिका ने 91.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया। नियति चतुर्वेदी ने 87.80 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं हिर्री माइंस स्कूल की निकिता राज लोधी ने 85.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरा स्थान हासिल किया। कक्षा 12वीं परीक्षा में बीएसपी के दो विद्यालयों से कुल 118 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें 84.75 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे। भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 का परिणाम 89.32 प्रतिशत रहा, जहां 103 में से 73 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-11 का परिणाम 53.33 प्रतिशत दर्ज किया गया। हायर सेकेंडरी परीक्षा में भी भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। गणित संकाय के विनय कुमार बघेल ने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। सीएच पवन कल्याण ने 91 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा और मोनिका ने 82.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## एक नजर

### आईपीएल सट्टा का संचालन करने वाले दो युवक पकड़ाए



**भिलाई, 30 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई आईपीएल क्रिकेट सट्टा का संचालन करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है युवकों के पास से पुलिस ने नगदी रकम, चार मोबाइल कुल 64 हजार 600 का सामान जब्त उतई थाने पुलिस ने चार मोबाइल सहित 64 हजार 600 रुपए किया सामान जब्त किया है पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ढौर स्थित ग्राम में आईपीएल क्रिकेट मैच (राजस्थान बनाम पंजाब) के मैच में ऑनलाइन सट्टा संचालिन किया जा रहा था उतई पुलिस ने घेराबंदी कर अविनाश मिश्रा, लोकेश सोनबोई को पकड़ा है। मौके से कई सामान बरामद हुए जिसमें सट्टे की कई जानकारी है पुलिस ने नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार के अवैध सट्टा एवं जुआ गतिविधियों से दूर रहें ऐसी गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें ।

### चोरी करने वाले पुलिस की गिरफ्त में



**भिलाई, 30 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई बिल्डिंग मटेरियल के सामान को चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उतई टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि नेवई भाटा निवासी ओम प्रकाश तारम, रोहित यादव ने निर्माणाधीन मकान से 10 बोरी सीमेंट, 3 बंडल लोहे की राड व 1 बोरी केबल वायर चोरी को अंजाम दिया था। आरोपियों के निशानदेही पर सामान जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों को पकड़ है ।

### शासकीय कर्तव्यों की उपेक्षा और अनुशासनहीनता बरतने पर व्याख्याता निलंबित

**दुर्ग, 30 अप्रैल ।** शासकीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने और आचरण नियमों के विरुद्ध व्यावसायिक गतिविधियों में संलिप्त रहने के आरोप में दुर्ग संभाग आयुक्त श्री सत्य नारायण राठौर ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, घुमका (राजनांदगांव) में पदस्थ व्याख्याता श्री सहदेव बारले को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ज्ञात हो कि श्री बारले पर आरोप था कि उन्होंने शिक्षण कार्य छोड़कर एलआईसी एजेंट के रूप में कार्य करने, क्रिप्टो करेंसी और नेटवर्क मार्केटिंग जैसी गतिविधियों में सक्रिय रहने के साथ-साथ 'मनी बैंक' योजना के तहत निवेश के लिए सोशल मीडिया पर स्टेटस लगाकर लोगों को प्रेरित किया। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, छुईखदान (जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई) निर्धारित किया गया है। निलंबन की अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।उल्लेखनीय है कि जांच प्रतिवेदन के अनुसार, श्री बारले के विरुद्ध शिकायत मिलने पर संभागीय संयुक्त संचालक (शिक्षा) द्वारा गंभीरता से जांच कराई गई थी। जांच में यह प्रमाणित हुआ कि वे न केवल एलआईसी एजेंट के रूप में कार्य कर रहे थे, बल्कि नेटवर्क मार्केटिंग की बैठकों में भी शामिल होते थे। इसके अतिरिक्त, शिकायतकर्ता के पुत्र द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि श्री बारले ने एक निजी कंपनी में लाखों रुपये निवेश करने हेतु प्रेरित किया था, जिसमें पैसा डूब जाने के कारण मानसिक तनाव के चलते संबंधित व्यक्ति का निधन हो गया।

### छात्रहित और शैक्षणिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने निलंबित व्याख्याता बहाल

**दुर्ग, 30 अप्रैल ।** दुर्ग संभाग आयुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने छात्र हित और शैक्षणिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पूर्व में निलंबित व्याख्याता श्री वेदराम पात्रे को तत्काल प्रभाव से बहाल कर दिया गया है। ज्ञात हो कि श्री पात्रे, जो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दामापुर (बाजार), विकास खंड पंडरिया, जिला कबीरधाम में पदस्थ थे, उन्हें निलंबन से मुक्त करते हुए अब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरघटा, विकास खंड नवागढ़, जिला बेमेतरा में आगामी आदेश तक पदस्थ किया गया है। उल्लेखनीय है कि श्री वेदराम पात्रे को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत 14 जनवरी 2026 को निलंबित किया गया था और उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई नियत किया गया था। शासन ने नवागढ़ विकास खंड के मगरघटा विद्यालय में अर्थशास्त्र विषय के व्याख्याता के रिक्त पद का संज्ञान लिया, व्याख्याता न होने से वहां के विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है ।

# रिया केशरवानी ने दसवीं बोर्ड में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्तकर कबीरधाम जिले का नाम रोशन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 29 अप्रैल ।** उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने कवर्धा की होनहार छात्रा रिया केशरवानी को कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर दूरभाष के माध्यम से बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने रिया की इस उत्कृष्ट उपलब्धि को पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बताया।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छात्रा रिया केशरवानी के साथ-साथ उनके माता-पिता, परिजनों तथा विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि रिया की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करेगी।उल्लेखनीय है कि



स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कवर्धा की छात्रा रिया केशरवानी ने 600 में से 593 अंक प्राप्त कर 98.83 प्रतिशत के साथ प्रदेश की मेरिट सूची में द्वितीय स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है।उप मुख्यमंत्री ने रिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### दसवीं बोर्ड में माधुरी ने 81 . 33 प्रतिशत पाकर शानदार सफलता अर्जित की

**कवर्धा, 29 अप्रैल ।** जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गंगा लोकचंद साहू की सुपुत्री माधुरी साहू ने दसवीं बोर्ड में 81. 33 प्रतिशत लाकर शानदार सफलता अर्जित की । 600 में 488 अंक प्राप्त किया । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबना कला की छात्रा है । तरुण छत्तीसगढ़ ने सवाल किया की माधुरी आपका सपना क्या है । माधुरी ने कहा की मेरा सपना डॉक्टर बनना है ।

### 10वीं बोर्ड में फाल्गुनी,यामिनी प्रथम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 30 अप्रैल।** परीक्षा परिणाम शाला विकास समिति के अध्यक्ष /सरपंच सांकरा रवि सिंगौर सभी छात्रों व शिक्षको अच्छे परिणाम के बधाई देते हुये सभी की उज्वल भविष्य के कामना करते हुये बधाई प्रेसित किये10वी मे फाल्गुनी तुरकाने पिता अरविन्द तुरकने व यामिनी पटेल पिता रोहित पटेल 92.1 प्रतिशत प्रथम स्थान पर जगह बनाई दुतीय स्थान टोमीन सिंगौर पिता राजेश सिंगौर 90.1 प्रतिशत तृतीय स्थान रेशमी साहू पिता मनसुख साहू ने 89प्रतिशत 3प्रतिशत पर जगह बनाईवही 12वी मे प्रथम स्थान मुस्कान महिलाँगे पिता दिलेश्वर महिंलांगे ने 87.6प्रतिशत दुतीय स्थानतृप्ति पिता यशपाल 86.4प्रतिशत व तृतीय स्थान रेशमा यादव पिता परमानंद यादव 84.4त्न अंको के साथ उत्तीर्ण रही ।

# संजय सिंह को क्षत्रिय महासभा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय दायित्व



**भिलाई, 30 अप्रैल ।** वरिष्ठ गायक एवं संगीतकार संजय सिंह को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह घोषणा महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान की गई, जो 11 एवं 12 अप्रैल को चंडीगढ़ में आयोजित हुआ। अधिवेशन में क्षत्रिय समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर चर्चा की गई। कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मथुरा से तीन बार सांसद रह चुके डॉ. राजा मानवेन्द्र सिंह ने युवराज ऋषिराज सिंह को राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। साथ ही टिक्का शिवेंद्र पाल कुटलैहड़ को यूथ विंग का राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा श्रीमती इंदु तोमर को महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्षा नियुक्त किया गया। इसी क्रम में वरिष्ठ कलाकार संजय सिंह को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। वे भिलाई स्टील प्लांट एवं स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में उच्च पदों पर कार्यरत रहे।

# एसआईओ के वार्षिक छात्र सम्मेलन की तैयारी शुरू,पोस्टर लॉन्च

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 30 अप्रैल ।** नौजवानों को समाज निर्माण के लिए तैयार करने वाले छात्र संगठन एसआईओ छत्तीसगढ़ ने अपने वार्षिक छात्र सम्मेलन की घोषणा कर दी है। यह सम्मेलन आगामी 11 एवं 12 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। इसी क्रम में 26 अप्रैल को एसआईओ भिलाई इकाई द्वारा सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली से पहुंचे मुख्य अतिथि एडवोकेट अनीस रहमान ने कहा कि समाज में बदलाव तब नज़र आता है जब हम उस बदलाव की शुरुआत खुद से करते हैं।उन्होंने सम्मेलन में अधिक से अधिक छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि बेहतर समाज निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अनस खान ने कहा कि संगठन की



प्राथमिकता सभी छात्रों को साथ लेकर शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करना तथा सामाजिक चुनौतियों पर आवाज़ बुलंद करना है। पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडवोकेट अनीस रहमान, एम.डी. जुल्करनैन, रयान खान, आमिर खान, शोएब अली, इदरीस खान, अब्दुल अहद फलाही सहित कार्यकर्ता आदिल सिद्दिकी, अय्यूब खान, जैद अली, इमरान अज़ीज़ एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अप्रारंभ पीएम आवासों के हितग्राहियों की समस्याएं सुन रहे अधिकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 30 अप्रैल ।** नगर निगम भिलाई के सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत अप्रारंभ आवासों के हितग्राहियों की बैठक लगातार आयोजित की जा रही है। 21 अप्रैल से शुरू हुई यह बैठक 29 अप्रैल तक जारी रही, जिसमें योजना के नोडल अधिकारी एवं मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा द्वारा हितग्राहियों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और आवास निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जानकारी के अनुसार, कुल 163 हितग्राहियों को बैठक के लिए आमंत्रित किया गया था, जिनमें से अब तक 48 हितग्राही उपस्थित हो चुके हैं। इनमें 19 हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शेष 115 हितग्राहियों की बैठक 30 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी, जिसमें आवास निर्माण में आ रही बाधाओं एवं समस्याओं पर चर्चा कर समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में सामाजिक विशेषज्ञ किरण चतुर्वेदी, सिविल विशेषज्ञ आदित्य ठाकुर तथा सर्वेयरगण भी उपस्थित रहे।

# नगर के संगीतकार मानस-शिखर ने कर्णा-द गार्जियन के लिए दिया ओरिजिनल स्कोर

**भिलाई, 30 अप्रैल ।** इस्पात नगरी में पले-बढ़े संगीतकार जोड़ी मानस-शिखर ने जापान के सहयोग से निर्मित भारत की पहली एनीमे सीरीज कर्णा-द गार्जियन का संपूर्ण संगीत तैयार किया है, जिसमें इसका ओरिजिनल बैकग्राउंड स्कोर भी शामिल है। यह सीरीज़ आगामी 8 मई को वैश्विक डिजिटल प्लेटफॉर्म क्रंचीरोल पर रिलीज होगी।

मानस-शिखर के अनुसार कर्णा-द गार्जियन केवल उनके करियर का महत्वपूर्ण पड़ाव नहीं, बल्कि भिलाई से निकलकर भारतीय संगीत को वैश्विक मंच तक पहुँचाने की दिशा में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि भी है।



# निगम क्षेत्र में 12,500 पौधों की देखरेख करेंगे महिला समूह



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 30 अप्रैल ।** नगर निगम सभागार में वूमेन फॉर ट्री योजना के तहत रोपे गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। योजना के अंतर्गत निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 12,500 पौधों का रोपण किया गया है, जिनकी देखरेख की जिम्मेदारी महिला स्वयं सहायता समूहों को सौंपी गई है। बैठक में पौधों की उत्तरजीविता सुनिश्चित करने के लिए नियमित सिंचाई, खाद एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने महिला समूहों को तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने और क्षेत्रवार निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा ने कहा कि यह अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि पौधों को वृक्ष के रूप में विकसित करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत करने पर बल दिया। अधीक्षण अभियंता वेशराम सिन्हा ने सिंचाई एवं आधारभूत सुविधाओं पर मार्गदर्शन दिया, जबकि उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू ने पौधों की देखभाल के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। उप अभियंता श्वेता महेश्वर ने महिला समूहों के समन्वय एवं डेटा प्रबंधन की रूपरेखा प्रस्तुत की।

### अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 30 अप्रैल ।** भिलाई छावनी प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि होंडा शोरूम खंडहर के पास रायपुर रोड पावर हाउस भिलाई क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री करने अधिक मात्रा में मदिरा रखे हुए है। सूचना पर थाना छावनी पुलिस की पेट्रोलिंग टीम दबिश दी। मौके पर आरोपी एस योगेश (24 साल ) निवासी देना बैंक के पीछे, सड़क नं. 08, स्वीपर मोहल्ला को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से अवैध शराब एवं बिक्री रकम जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया है ।

# हजान राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बीएसपी की दोहरी जीत



**भिलाई, 30 अप्रैल ।** विश्व इस्पात दिवस के अवसर पर सेल सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन रांची द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित हज़ान राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कार्यपालक एवं गैर-कार्यपालक दोनों श्रेणियों में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधित्व इस्पात गलन शाला-2 की टीमों ने किया। कार्यपालक श्रेणी में सहायक महाप्रबंधक अरिंदम कर, वरिष्ठ प्रबंधक के. पवन कुमार एवं सहायक प्रबंधक सुमित कुमार ने सुरक्षा मानकों की गहरी समझ, तकनीकी दक्षता और प्रभावी प्रतिक्रिया कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं गैर-कार्यपालक श्रेणी में विनय, शिव कुमार एवं चंदन वर्मा की टीम ने उत्कृष्ट समन्वय और परिचालन क्षमता का परिचय देते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। दोनों श्रेणियों में जीत दर्ज कर भिलाई इस्पात संयंत्र ने प्रतियोगिता में दोहरी सफलता हासिल की।

# बीएमडीसी में रणनीतिक नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 30 अप्रैल ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में 28 एवं 29 अप्रैल को एलेवेटिंग एग्जीक्यूटिव प्रेज़ेन्स फॉर स्ट्रैटेजिक लीडरशिप विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ विभागाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव के स्वागत उद्बोधन से हुआ। कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों का संचालन शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के पूर्व निदेशक एवं सेल के पूर्व कार्यपालक निदेशक एस. पी. एस. जग्गी ने किया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए एग्जीक्यूटिव प्रेज़ेन्स के प्रमुख आयाम ग्रेविटास, कम्युनिकेशन एवं अपीयरेंस पर विस्तार से चर्चा की तथा बताया कि ये तत्व नेतृत्व में विश्वसनीयता और प्रभाव स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम समन्वयक की भूमिका अभिनव विश्वकर्मा ने निभाई, जबकि उद्घाटन सत्र का संचालन प्रशासनिक सहयोगी के. शिवा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सौरभ वार्ष्णेय द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध के चलते तिल्दा-नेवरा में भाजपा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा 30 अप्रैल।** संसद में महिला आरक्षण बिल के विरोध को लेकर भाजपा महिला मोर्चा और भाजपा युवा मोर्चा के सयुक्त तत्वाधान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कड़ा रोष प्रकट किया। दीनदयाल चौक पर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आक्रोश जताते हुए उनका पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व संयुक्त रूप से शहर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रानी सौरभ जैन, एवं उनकी टीम की बहनों एवं युवा मोर्चा के शहर अध्यक्ष दीपक वर्मा एवं उनकी टीम के सदस्यों के साथ किया गया। कार्यकर्ता दीनदयाल चौक पर एकत्रित हुई, इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में पार्टी के झंडे लेकर कांग्रेस विरोधी नारे लगाए। कुछ देर बाद महिला भाजयुमो और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा रायपुर ग्रामीण जिला की महामंत्री श्रीमती स्वाति वर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलाऔर कहा कहा, कांग्रेस ने हमेशा नारी शक्ति का अपमान किया है। 33 साल तक महिला आरक्षण बिल को लटकाने वाली कांग्रेस आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33त्न आरक्षण देने का ऐतिहासिक कानून बनाया है, तो उसका विरोध कर रही है। ये कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर करता है।

प्रदर्शन में शामिल भाजपा महिला मोर्चा की शहर अध्यक्ष श्रीमती रानी सौरभ जैन ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की बात तो करती है, लेकिन संसद में महिला आरक्षण जैसे मुद्दों पर गंभीरता नहीं दिखाती। भाजपा महिला मोर्चा नेत्री ज्योति नागवानी पार्षद वार्ड क्रमांक 06 ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए महिला आरक्षण बिल लेकर आए, लेकिन विपक्षी दलों ने इसका समर्थन नहीं किया। उनका कहना था कि महिलाओं को राजनीति में बराबरी का अवसर मिलना चाहिए और महिला आरक्षण बिल इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। भाजयुमो तिल्दा शहर अध्यक्ष दीपक वर्मा ने कहा कि महिला सम्मान और अधिकारों के मुद्दे पर उनका विरोध आगे भी जारी रहेगा। इस प्रदर्शन में भाजपा संगठन की पूरी ताकत दिखी। शहर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रानी सौरभ जैन,जिला पंचायत सदस्य स्वाती वर्मा., ज्योति नागवानी,मंजू तिवारी, देवकी बाघमार, मनीशा वर्मा,अरविन्द वर्मा , सौरभ जैन,मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार निषाद मनीष शर्मा प्रिया सिरमौर, संतोष यदु, धर्मेंद्र डहरिया, जयेश पैकरा, ज्योति नागवानी, पारुल अग्रवाल, लक्ष्मी वैष्णव, नरसिंह वर्मा, दिनेश पंजवानी, गौरव अग्रवाल, आदर्श वर्मा, मनोज साहू, दीपक वर्मा, भोला निषाद, मधु कोसले, महामंत्री सुरेश वर्मा, गोपाल साहू, यशवंत सेन, रेवा राम धीवर सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने चिप्स के ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के उन्नत संस्करण 'सेवा सेतु' का किया शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 30 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) से छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) द्वारा आमजन तक प्रभावशाली, पारदर्शी और डिजिटल नागरिक सेवाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत संचालित ई-डिस्ट्रिक्ट परियोजना के उन्नत संस्करण 'सेवा सेतु' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्रीद्वय श्री अरुण साव और श्री विजय शर्मा सहित मंत्रिमंडल के सभी मंत्रीगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से डिजिटल नागरिक सेवाएं और अधिक सशक्त और प्रभावी होंगी। वर्ष 2003 में प्रारंभ हुए चॉइस मॉडल से लेकर वर्ष 2015 के ई-डिस्ट्रिक्ट और अब 'सेवा सेतु' तक छत्तीसगढ़ ने डिजिटल प्रशासन के क्षेत्र में एक लंबी और उल्लेखनीय यात्रा तय की है तथा यह प्लेटफॉर्म अब नागरिक सशक्तिकरण का एक मजबूत माध्यम बन चुका है, जिससे लाखों नागरिकों को लाभ मिला है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'सेवा सेतु' के माध्यम से अब एक ही पोर्टल पर 441 शासकीय सेवाएं उपलब्ध हैं, जिनमें 54 नई सेवाएं और 329 री-डायरेक्ट सेवाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अब व्हाट्सएप के माध्यम से भी सेवाओं की जानकारी सहज रूप से प्राप्त की जा सकेगी। आय, जाति, निवास, राशन कार्ड और विवाह पंजीयन जैसे प्रमुख प्रमाण-पत्रों सहित अब तक 3.2 करोड़ से अधिक ट्रांजेक्शन किए जा चुके हैं और इतने ही प्रमाण-पत्र जारी किए जा चुके हैं, जबकि 30 से अधिक विभागों के एकीकरण के साथ यह प्लेटफॉर्म एक सशक्त वन स्टॉप सॉल्यूशन के रूप में विकसित हो चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'सेवा सेतु' राज्य में सुशासन, पारदर्शिता और नागरिक-केंद्रित प्रशासन को नई मजबूती प्रदान करेगा।

उल्लेखनीय है कि इस परियोजना का संचालन राज्य स्तर पर चिप्स द्वारा किया जा रहा है, जबकि जिला स्तर पर जिला कलेक्टर के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट ई-गवर्नेंस सोसाइटी के माध्यम से इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। नई प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , आधार, व्हाट्सएप और 'भाषिणी' जैसी उन्नत तकनीकों का एकीकृत उपयोग किया गया है, जिससे नागरिक व्हाट्सएप के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे, सेवा की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और डिजिटल प्रमाण-पत्र भी प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही आधार आधारित ई-केवाईसी, डिजी लॉकर, ई-प्रमाण और उमंग जैसे प्लेटफॉर्म के साथ एकीकरण कर सेवाओं को और अधिक सरल, सुरक्षित और सुलभ बनाया गया है।

'सेवा सेतु' में ट्रेजरी और ई-चालान का एकीकरण किया गया है, जिससे नागरिक एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन भुगतान कर तत्काल डिजिटल रसीद प्राप्त कर सकेंगे तथा डीबीटी के माध्यम से योजनाओं की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी, जिसकी रीयल-टाइम ट्रैकिंग एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से संभव होगी। पोर्टल में क्यूआर कोड आधारित प्रमाण-पत्र सत्यापन, क्लाउड स्टोरेज, डिजिटल सिग्नेचर, रीयल-टाइम डैशबोर्ड और एमआईएस रिपोर्टिंग जैसी सुविधाएं जोड़ी गई हैं तथा यह पोर्टल 22 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है, जिससे भाषा की बाधा समाप्त हो गई है।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के तहत सेवाओं की समय-सीमा सुनिश्चित करने के लिए ऑटोमेटिक पेनल्टी कैलकुलेशन, समय-सीमा संकेतक और स्वतः शिकायत पंजीकरण जैसी व्यवस्थाएं भी लागू की गई हैं, जिससे जवाबदेही और पारदर्शिता को और मजबूती मिलेगी। राज्य में सेवाओं की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 800 से अधिक लोक सेवा केंद्र, 1000 से अधिक चॉइस सेंटर और 15,000 से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर सक्रिय हैं, जहां से नागरिक आसानी से सेवाओं का लाभ ले सकते हैं।

'सेवा सेतु' में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को जनसेवा के केंद्र में रखते हुए आवेदन प्रक्रिया को सरल और तकनीकी रूप से बाधारहित बनाया गया है, जिससे शासन और नागरिकों के बीच की दूरी तेजी से कम हो रही है और सेवाएं सीधे नागरिकों के हाथों तक पहुंच रही हैं।व्हाट्सएप इंटरफेस के माध्यम से नागरिक विभिन्न सेवाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे, पावती रसीद और दस्तावेजों के लिंक तुरंत प्राप्त कर सकेंगे तथा अनुमोदन के पश्चात डिजिटल हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र सीधे व्हाट्सएप पर प्राप्त कर सकेंगे।

वर्तमान में यह सुविधा 25 सेवाओं के लिए उपलब्ध है, जिसे शीघ्र ही सभी सेवाओं तक विस्तारित किया जाएगा। प्रत्येक प्रमाण-पत्र में क्यूआर कोड आधारित सत्यापन की सुविधा दी गई है, जबकि कैप्चा, ओटीपी और ईमेल आधारित प्रमाणीकरण जैसी व्यवस्थाएं सुरक्षा को सुदृढ़ करती हैं। नागरिकों की पहचान को विश्वसनीय बनाने के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी की सुविधा प्रारंभ की गई है तथा सुरक्षित लॉगिन हेतु डिजिलॉकर और ई-प्रमाण जैसी प्रणालियों को एकीकृत किया गया है। 'भाषिणी' के सहयोग से यह पोर्टल 22 भाषाओं में उपलब्ध कराया गया है, जिससे हर नागरिक अपनी भाषा में सेवाओं का लाभ ले सकेगा। नागरिक 'सेवा सेतु' में उपलब्ध सेवाओं का लाभ वेब पोर्टल, लोक सेवा केंद्र, चॉइस सेंटर या कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे तथा फीडबैक सुविधा के माध्यम से अपने सुझाव भी दे सकेंगे, जिनके आधार पर इस परियोजना को निरंतर बेहतर बनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यसचिव श्री विकासशील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी दयानंद, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मयंक अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# शासकीय उमा विद्यालय सासाहोली का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा

**तिल्दा 30 अप्रैल।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सासाहोली का स्थानीय परीक्षा परिणाम आज घोषित किया गया। कक्षा 09वीं एवं 11वीं के परिणाम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला।

**कक्षा 11वीं का विषयवार परिणाम:** कक्षा 11वीं में बायो समूह का परीक्षा परिणाम 100% रहा। इसी तरह कॉमर्स समूह का परिणाम भी 100त्न दर्ज किया गया। आर्ट्स समूह का परीक्षा परिणाम 93% रहा।

**कक्षा 9वीं का परिणाम:** कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 50त्न रहा। विद्यालय प्रबंधन ने कमजोर परिणाम वाले विषयों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती रानी सौरभ जैन, प्राचार्य अमरजीत पासवान एवं समस्त व्याख्यातागण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में श्रीमती रानी जैन द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उपहार प्रदान किए गए। उन्होंने सभी मेधावी विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही समस्त उत्तीर्ण बच्चों का भी मुंह मीठा कराकर पुरस्कार प्रदान किए गए। श्रीमती रानी सौरभ जैन ने कहा, बच्चों की यह सफलता उनकी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का नतीजा है। 11वीं में बायो और कॉमर्स का 100त्न रिजल्ट गर्व की बात है। कक्षा 9वीं के परिणाम को बेहतर करने के लिए शिक्षकों के साथ मिलकर योजना बनाएंगे।

**भाजपा नेता सौरभ जैन ने कहा:** भाजपा नेता सौरभ जैन ने विद्यालय के शानदार परिणाम पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा, ÷शासकीय स्कूल के बच्चों ने 100त्न परिणाम देकर साबित कर दिया कि सरकारी विद्यालयों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई शिक्षा नीति और राज्य सरकार की बेहतर योजनाओं का असर है। बायो और कॉमर्स में 100त्न रिजल्ट बताता है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी किसी से कम नहीं हैं। सौरभ जैन ने आगे कहा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रानी सौरभ जैन के नेतृत्व में विद्यालय लगातार प्रगति कर रहा है।

# संयुक्त टीम ने सुहेला में जांच कर बिना पंजीयन वाले दुकानों को पंजीयन कराने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 30 अप्रैल।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ का आधार अभियान चलाया जा रहा हैं। अभियान के तहत मंगलवार को संयुक्त टीम ने लगभग 15 दुकानों का गहन जांच किया खाद्य पदार्थो सैंपल लेकर राज्य प्रयोशाला रायपुर भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुहेला तहसील में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा सभी गन्न रस, जूस सेंटर, गुपचुप ठेला एवं स्ट्रीट फूड वेंडर्स के 15 दुकानों का गहन निरीक्षण किया गया एवं साफसफाई के निर्देश दिये गये। बिना खाद्य पंजीयन के खाद्य कारोबार संचालकों को अतिशीघ्र खाद्य पंजीयन बनवाने हेतु निर्देशित किया गया।साथ ही श्रीराम फ्ल भंडार एवं जूस कार्नर, दिक्षा बेकरी एवं स्वीट्स, सोनू मोनू पान सेंटर आदि फर्मो से मैगों जूस, गन्ना रस बर्फ गोला, लाहोरी जीरा, कीम बेल, केसर बादाम मिल्क शेक, आईस वाला कच्चा आम, वाटर बेस फ्लेवर्ड ड्रिंक एवं आइस वाला लीची वाटर बेस फ्लेवर्ड ड्रिंक पैक्ड का नमूना संकलन कर विश्लेषण हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित् किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने उपरान्त आगे की कार्यवाही की जावेगी। सभी को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत् आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

जनगणना के लिए जिले में बनाए गए 1978 मकान सूचीकरण ब्लॉक

# 1 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण व गणना कार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 30 अप्रैल।** भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनगणना 2026 के प्रथम चरण जिले में 1 मई से शुरू होकर 30 मई तक चलेगा। इस दौरान 1861 प्रगणक घर -घर जाकर मकानों क़ी सूचीकरण व गणना हेतु मोबाइल एप्प के माध्यम से डिजिटल डाटा संग्रहण करेंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को चार्ज अधिकारियों क़ी ऑनलाइन बैठक लेकर प्रथम चरण क़ी जनगणना का कार्य सावधानीपूर्वक समय- सीमा में पूरा करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि सभी प्रगण 30 अप्रैल को ही मोबाइल एप्प में लॉग इन कर लें ताकि किसी प्रकार क़ी कोई तकनिकी समस्या हो तो समय पर निराकरण हो सके। उन्होंने चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया कि मकान सूचीकरण व गणना का कार्य 15 मई तक पूर्ण करने का कार्ययोजना बनाएं, इसके साथ ही कण्ट्रोल रूम बनाकर गणना कार्य का मॉनिटरिंग करे।उन्होंने सभी प्रगणको व सुपरवाइजर को आइडेंटिटी कार्ड अवश्य धारण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि गणना के दौरान लोगों को जनगणना के बारे में पूरी जानकारी देकर संतुष्ट करें और सहयोग का आग्रह करें। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि जनगणना के लिये आने वाले प्रगणकों को बेझिझक सही-सही जानकारी दें। आपके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी। स्पष्ट प्रावधान है कि आपके द्वारा दी गई जानकारी का उपयोग साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं होगा। जनगणना के आंकड़े किसी योजना के हितग्राहियों क़ी पात्रता के लिए नहीं बल्कि कल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य के लिये आधार बनते है। बताया गया कि प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जायेगा।जनगणना कार्यक्रम के तहत प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल एप का उपयोग कर डिजिटल डाटा संग्रह करेंगे। साथ ही लोगों द्वारा पोर्टल पर स्व-गणना के तहत भरी गई जानकारी का सत्यापन भी करेंगे। दोनों तरह से प्राप्त डाटा की बहुस्तरीय जाँच होगी। पहले यह कार्य पर्यवेक्षकों द्वारा किया जायेगा।

## एक नजर

### अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 30 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 28.04.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर चौकी करहीबाजार पुलिस टीम द्वारा ग्राम करहीबाजार मेनरोड के पास में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?4000 कीमत मूल्य का 40 पाव देशी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल क्र. ष्टत्र04 त्तक्क 7414 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध चौकी करहीबबाजार में धारा 34(2) आबकारी के तहत अपराध पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई है।

### नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 30 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नाबालिग बालिका के पिता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 08.09.2025 की रात्रि उसकी नाबालिक पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है, जिसको आसपास एवं रिश्तेदारों के घर पता तलाश करने पर उसका कहीं पता नहीं चला। कि रिपोर्ट पर गुम इंसान क्र. 104/2025 तथा अपराध क्रमांक 586/2025 धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना कसडोल पुलिस द्वारा बालिका का पता तलाश करते हुए, बालिका के परिजनों, रिश्तेदारों, ग्रामवासियों एवं अन्य से विस्तृत पूछताछ कर बालिका के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया। इसी बीच बालिका की खोजबीन के दौरान तकनीकी विश्लेषण करने पर बालिका के हैदराबाद में होना पता चला, जिस पर थाना कसडोल पुलिस टीम द्वारा गुणा हैदराबाद में दबिश देते हुए नाबालिक बालिका को आरोपी रोशन कुमार के कब्जे से सकुशल बरामद किया गया। बालिका से पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी रोशन कुमार द्वारा नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर, भगा ले जाकर, उसे शादी करने का झांसा देते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया गया है, जिस पर प्रकरण में धारा 87,64(1) बीएनएस एवं 04,06 पाक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गई तथा पुलिस टीम द्वारा आरोपी रोशन कुमार को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### शादी करने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म,युवक गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 30 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी विजय किशोर जायसवाल द्वारा शादी करने का झांसा देकर वर्ष 2018 से लगातार प्रार्थिया के साथ दुष्कर्म किया गया। इस दौरान वर्ष 2025 में प्रार्थिया गर्भवती भी हो गई थी। प्रार्थिया द्वारा बार-बार शादी करने हेतु बोलने पर आरोपी टालमटोल करता रहा। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 180/2026 धारा 69 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रार्थिया के साथ दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी विजय किशोर को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा शादी करने का झांसा देते हुए प्रार्थिया के साथ दुष्कर्म करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बलौदाबाजार 30 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत दो व्यक्ति के निकट परिजन प्रत्येक के लिए 4 लाख के मान से 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं।

# 10वीं और 12वीं के परिणाम घोषित,मेधावी विद्यार्थियों को किया जायेगा सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 30 अप्रैल।** ब.ना.ब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नेवरा में आज शैक्षणिक सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा के कक्षाओं दशम और बा रहवीं के परिणाम छ ह्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर परीक्षा द्वारा घोषित किए गए। विद्यालय परिसर में बोर्ड द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार, कक्षा दसवीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 95.5त्न रहा। कक्षा दसवी में 90दर्ज विद्यार्थियों में89 विद्यार्थियोंने परीक्षा दी ।जिसमें से 53विद्यार्थियो ने प्रथम श्रेणी , द्वितीय श्रेणी में 29 और तृतीय श्रेणी में 03 और 03 विद्यार्थियों को फैल और 01 को पूरक आया है।कक्षा बारहवीं में विज्ञान समूह का परिणाम शत-प्रतिशत (100त्न), वाणिज्य समूह का 92त्न और कला समूह का परिणाम 97.36त्न रहा।

**मेधावी विद्यार्थियों की सूची:** कक्षा दसवीः प्रथम स्थान- लीना (89.6%), द्वितीय स्थान- कुमकुम चौहान (88.6%), तृतीय स्थान- शिवानी (85%)। कक्षा बारहवीं (कला समूह): प्रथम स्थान -दुष्यंत (81.6%), द्वितीय स्थान- मोह. इनायत(80.6%), तृतीय स्थान -अलीम रजा(77%)। कक्षा बा रहवीं (विज्ञान समूह ): प्रथम स्थान -चंद्रभान ध्रुव(90.4%), द्वितीय स्थान -हिमांशु वर्मा (90त्न), तृतीय स्थान -जलज पाल(89.4%) कक्षा बारहवीं (वाणिज्य समूह): प्रथम स्थान -ओम साहू(88.4%), द्वितीय स्थान -आरती वर्मा (86%), तृतीय स्थान -सतीश कुमार कक्षा बारहवीं में 62 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 31 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी, और 3 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी, वाणिज्य संकाय में 1 फैल और 3 को पूरक आया है कला संकाय में 01 विद्यार्थियों को पूरक आया हैं।कक्षा बारहवीं में कुल परिणाम 95%रहा।

# कु. उपमा सिन्हा ने रचा इतिहास, 10वीं बोर्ड में 97.17% अंक के साथ जिला टॉपर बनीं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 30 अप्रैल।** जिले के लिए गर्व का क्षण सामने आया है, जहां नगर पंचायत लालबहादुर नगर निवासी कु. उपमा सिन्हा ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 97.17 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उपमा की सफलता से क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है तथा हर ओर से उन्हें बधाइयां मिल रही हैं।उपमा सिन्हा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उनका कहना है कि उनके मार्गदर्शन, प्रेरणा और निरंतर सहयोग के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। उपमा ने बताया कि वह नियमित रूप से सुबह और शाम पढ़ाई करती थीं और समय का सही प्रबंधन ही उनकी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी रहा। उन्होंने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास को अपनी सफलता का आधार बताया।

छात्रा उपमा का सपना भविष्य में डॉक्टर बनने का है। वह समाज की सेवा करना चाहती हैं और विशेष रूप से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के इलाज में योगदान देना चाहती हैं। उनकी इस सोच और संकल्प ने उन्हें अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना दिया है।

उपमा सिन्हा ने अन्य विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद से ही सही दिशा मिलती है और वही हमें लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत करने, लक्ष्य निर्धारित करने और सकारात्मक सोच बनाए रखने की अपील की।

उपमा की इस उपलब्धि पर समाज के विभिन्न वर्गों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। सिन्हा कलार समाज राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष शिव डडसेना ने उपमा की सफलता को जिले के लिए गौरवपूर्ण बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सोन कुमार सिन्हा ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि उपमा ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इसके अलावा भाजपा मछुवारा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दिनेश निषाद ने भी उपमा को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उपमा भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करती रहेंगी। समाजिक कार्यकर्ता पवन सिन्हा एवं गोवर्धन सिन्हा ने छात्रा को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है ।उपमा सिन्हा की इस ऐतिहासिक सफलता ने यह साबित कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। उनकी उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनकर सामने आई है।

## एग्जिट पोल में भाजपा है फायदे में

पांच राज्यों के चुनाव के लिए मतदान पूरे होने के बाद आए एग्जिट पोल से तो साफ हो जाता है कि इस बार के पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा सबसे ज्यादा फायदे में रही है। उसके खाते में एक राज्य की बढ़ोतरी हुई है।यह पूर्वी भारत का राज्य पं. बंगाल है। पूर्व में भाजपा को दो राज्यों में जीत हासिल करने का लक्ष्य था पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने ओडिशा जीतकर अपने लक्ष्य को पा लिया था इस बार उसका लक्ष्य पं. बंगाल को फतह करना था और एग्जिट पोल के मुताबिक तो उसने अपना यह लक्ष्य भी हासिल कर लिया है।सात एजेंसियों के पोल में से पांच एजेंसियों के पोल में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला है महज एक एजेंसी पीपुल्स पल्स ने अपने पोल में टीएमसी को बहुमत मिलते दिखाया है। भाजपा को मिले सीटों के हिसाब से देखा जाए तो 140 से 208 सीटों का अनुमान लगाया गया है जो पिछले चुनाव में भाजपा को मिले 77 सीटों को देखा जाए तो साफ हो जाता है इस बार जनता में नाराजगी है और जनता ने अपनी नाराजगी का इजहार वोटों के जरिए किया है। दूसरे चरण के मतदान के पहले तक माना जा रहा था कि जो ज्यादा मतदान हुआ है वह बदलाव के लिए है और एग्जिट पोल से साफ हो जाता है जो कहा जा रहा था वह सही है यानी पं.बंगाल की जनता ने इस बार बदलाव के लिए वोट किया है।टीएमसी के विकल्प के रूप में पं. बंगाल में और कोई मजबूत राजनीतिक दल था नहीं इसलिए जनता ने स्वाभाविक रूप से भाजपा को एकमत होकर वोट दिया है। यह भी सच है कि पं. बंगाल की जनता के सामने आजमाने को और कोई दल बचा नहीं था। पं.बंगाल की जनता ने जब भी बदलाव किया है तो हमेशा नए दल को मौका दिया है। कांग्रेस की जगह उसने वामपंथी दलो को मौका दिया था, वामपंथियों की जगह टीएमसी को मौका दिया था अब टीएमसी की जगह जनता ने भाजपा को मौका दिया है। कांग्रेस,वामपंथी दलों की तुलना में देखा जाए तो ममता को पं. बंगाल की जनता ने सबसे कम समय शासन का मौका दिया तो इसकी वजह यही हो सकती है कि वह भी कांग्रेस, वामपंथियों की तरह उसे भी वहम हो गया था कि पं. बंगाल की जनता उसकी बड़ी बड़ी गलतियों के बाद भी उसे चुनने को मजबूर है। किसी भी राज्य की जनता भ्रष्टाचार व जंगलराज को ज्यादा दिन सहन नहीं करती है और एक दिन फैसला सुना देती है कि बहुत हो गया अब आपको सहन नहीं किया जाएगा। पं. बंगाल की जनता ने ममता को अपना फैसला सुना दिया है कि अब आपका समय पूरा होता है अब हम दूसरे को मौका दे रहे हैं। ममता की हार में ममता की गलतियों की अहम भूमिका है तो भाजपा ने दूसरे राज्यों में अ्चछा शासन कर पं.बंगाल की जनता को संदेश देने में सफल रही कि वह टीएमसी से अच्छा शासन राज्यों में दे रही है तो पं. बंगाल में भी दे सकती है। अच्छी बात है कि जनता ने भाजपा पर भरोसा किया और उसे एग्जिट पोल में बहुमत मिलने इसका संकेत भी मिलता है। जहां तक असम का सवाल था तो भाजपा के अच्छे शासन के कारण जनता ने भाजपा को तीसरी बार मौका दिया है। भाजपा कई राज्यों में अपने भ्रष्टाचार मुक्त शासन के कारण तीन तीन बार चुनाव जीत चुकी है। वहीं तमिलनाडु में जनता ने स्टालिन के शासन पर संतुष्टि जाहिर की है तो केरल में जनता में कांग्रेस को मौका देने का मन बनाया है। कुल मिलाकर देखा जाए तो पं. बंगाल व केरल की जनता ने चुनाव में सत्ता में बदलाव किया है तो असम,तमिलनाडु व पुड्डुचेरी में जनता ने शासन ने पुरानी सरकार को एक और मौका दिया है।जनता की कसौटी अच्छा शासन है तो इस पर दो राज्य की सरकारे खरी नहीं उतरी है तो तीन सरकारे खरी उतरी हैं।

**1 मई अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर विशेष**

# हर हाथ को काम, हर श्रमिक को सम्मान विष्णु देव सरकार की प्रतिबद्धता

**छगन लोन्हारे, उप संचालक जंनसंपर्क**

रायपुर, 30 अप्रैल 2026/ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार आर्थिक मदद दी जा रही है। श्रम विभाग के तीनों मंडल-छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल एवं छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के माध्यम से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। इसी का परिणाम है कि बीते 02 साल 04 माह में श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग 800 करोड़ रूपए डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में अंतरित किए जा चुके हैं। इस वर्ष अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना में श्रमिकों के 200 बच्चों को प्रदेश के उत्कृष्ट निजी स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा। मजदूर दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है। 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस या श्रमिक दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों, सामाजिक न्याय और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए संकल्प लेना है। यह दिन श्रमिकों के योगदान को याद करने और उनके संघर्षों को सम्मानित करने के लिए भी मनाया जाता है। यह दिवस वर्ष 1886 में शिकागो के हेमार्केट स्क्वायर में मजदूरों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की याद में मनाया जाता है, जहां अनेक श्रमिकों ने 8 घंटे के कार्य दिवस की मांग की थी। सन् 1889 में द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में घोषित किया था। इस दिन को मनाने का उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों को सुनिश्चित करना, सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए आवाज बुलंद करना है। भारत में मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत 1923 में चेन्नई (मद्रास) से हुई थी। भारतीय संविधान निर्माण सभा के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर ने श्रमिकों के काम का समय 12 घंटे से घटाकर 8 घंटे किया। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं को प्रसूति अवकाश की सुविधा उपलब्ध कराई। मुख्यमंत्री श्री साय का मानना है कि श्रम विभाग एक अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है, जो बड़े पैमाने पर श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ औद्योगिक इकाइयों का औचक निरीक्षण भी तकनीक के माध्यम से किया जाए, ताकि श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। राज्य सरकार के इन प्रयासों से छत्तीसगढ़ में श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा मिल



रही है। प्रदेश के श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन का कहना है कि प्रदेश में विष्णु देव सरकार के सुशासन में अब मजदूर का बच्चा मजदूर नहीं रहेगा। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हितों में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इनमें प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार किट योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन योजना, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता राशि योजना, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना संचालित की जा रही है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि हर हाथ को काम इस दिशा में प्रदेश के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम विभाग द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। श्रम विभाग के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में 256 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन का कहना है कि विष्णु देव के सरकार की सोच है कि हर हाथ को काम मिले उसका उन्हें उचित दाम मिले और हर पेट को अन्न मिले यह हमारी सरकार की आदर्श नीति है। इस नीति को क्रियान्वित करने हेतु राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में 38 भोजन केन्द्र संचालित है। इस योजना के अंतर्गत श्रमिकों को 5 रूपये में गरम भोजन, दाल चावल, सब्जी, आचार प्रदाय किया जा रहा है, जिसका विस्तार चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में समस्त जिलों में किया जा रहा है। श्रमिक आवास की राशि प्रति आवास 01 लाख रूपए से बढ़ाकर 1.50 लाख कर दी है। इसी तरह ई-रिक्शा की राशि भी एक लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख रूपए की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के तहत 5 सितंबर 2008 से अब तक 33 लाख 14 हजार से अधिक श्रमिक पंजीकृत किए जा चुके हैं। मंडल द्वारा 26 योजनाएं संचालित की जा रही हैं तथा 60 श्रमिक वर्ग अधिसूचित हैं। एक प्रतिशत उपकर (सेस) से वर्ष 2025-26 में 315 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जबकि मंडल गठन से अब तक कुल 2,808 करोड़ रुपये का उपकर संग्रहित हुआ है। मार्च 2026 तक 2,558 करोड़ रुपये विभिन्न योजनाओं में व्यय किए जा चुके हैं।औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा हेतु चालू वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। श्रम विभाग के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं का मुख्य दायित्व श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को भी चिकित्सा हित लाभ उपलब्ध कराया जाता है। कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं के लिए 76 करोड़ 38 लाख रूपए का प्रावधान राज्य सरकार द्वारा किया गया है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज के दिन आपके व्यक्तित्व में नया निखार आने वाला है। आपका कर्मशील और कर्तव्य वान स्वभाव से समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

वृष राशिः आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। कई सालों से नहीं बिक रही जमीन आज अच्छे दामों में बिकने के योग हैं।

मिथुन राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी मित्र से कॉल पर बात होगी, पुरानी यादें ताजा हो जाएगी।

कर्क राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। पड़ोसी जिनसे पहले अनबन हुई थी वो आज सब भुलाकर दोस्ती का हांथ बढ़ाएंगे। आज आपका स्वास्थ्य बढिया रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज ऑफिस का वर्क लोड ज्यादा हो सकता है, जितनी सहजता से करेंगे उतनी ही जल्दी काम पूरा होगा। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है।

कन्या राशिः आज का दिन नयी खुशियां लेकर आया है। आप अपने मित्र के साथ बाहर जा सकते है, जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है।

तुला राशिः आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में आज बॉस अधूरे कार्यों को देखकर आपकी क्लास लगा सकते हैं। बेहतर होगा कि अपना काम समय से पूरा कर लें। इस राशि के राजनीतिक से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपकी अधूरी इच्छाएं पूरी होगी। लवमेट के साथ शादी फिक्स होने के योग बन रहे है। दोस्तों के साथ बाहर मूवी देखने का प्लान बन सकता है।

धनु राशिः आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर आयेगा।

मकर राशिः आज का दिन बाहर घूमने-फिरने में बीतेगा। परिवारवालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं दूर ट्रिप का प्लान बना सकते हैं। परिवार के सभी सदस्यों को आनन्द की प्राप्ति होगी। आज ऑफिस के कार्य मेहनत, धैर्य और समझदारी से निपटा लेंगे।

कुंभ राशिः आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ बाहर घूमने का प्लान बन सकता है। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें।

मीन राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर ज्यादा सोच विचार करने से बचे। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छाएं आयेंगी। इस राशि वाले छात्रों के लिए फार्म भरने संबंधी कार्य के लिए आज का दिन शुभ है।

**व्यंग्य**

## थाली का रेगिस्तान: एक विलाप

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

हवा में घुटन थी, जैसे किसी पुरानी हवेली के तहखाने में सदियों से बंद सन्नाटा। अलख निरंजन जी अपनी मेज पर वैसे ही विराजमान थे, जैसे कोई क्रूर तानाशाह अंतिम डिक्री जारी करने वाला हो। उनके सामने बैठी सुधा के हाथ कांप रहे थे, मानो वह रसोई से कोई पकवान नहीं, बल्कि अपनी किस्मत का फैसला लेकर आई हो। अलख जी की नजरें पहली थाली पर गिरी। उन्होंने नाक सिकोड़ी, जैसे किसी ने उनके सामने कोई सड़ा हुआ तर्क रख दिया हो। "भिंडी? यह लेडी फिंगर नहीं, किसी बूढ़ी सभ्यता की सड़ी हुई उंगलियां हैं, दांतों में फंसकर मेरी हालत खराब कर देंगी।" सुधा ने चुपचाप थाली बदली। दूसरी आई तो उन्होंने उसे अपराधी की तरह घूरा। "बैंगन? यह तो बे-गुन है, शरीर में वायु का ऐसा तांडव मचाएगा कि घर भूकंप की चपेट में आ जाएगा।" उनके चेहरे पर छाई वह कुटिल गंभीरता किसी कसाई की मुस्कान जैसी थी, जो छुरी चलाने से पहले मंत्र पढ़ता है। सिलसिला थमा नहीं, वह तो एक लंबी शवयात्रा की तरह आगे बढ़ता गया। गोभी को उन्होंने "फूलों का कब्रिस्तान" कहकर ठुकरा दिया और मटर को "हरे रंग की गोलियां" बताया जो पेट में धमाका कर सकती हैं। लौकी को देखकर वे ऐसे बिदके जैसे सामने नागिन फन फैलाए खड़ी हो—"यह तो पानी का छल है, इसमें आत्मा कहाँ है?" करेले पर तो उन्होंने अपनी पूरी दार्शनिक क्षमता झोंक दी, बोले, "इतनी कड़वाहट तो समाज में भी नहीं, जितनी इस अधम फल में है।" आलू को उन्होंने "अहंकार का प्रतीक" माना और पनीर को "धोखेबाज रईस।" कटहल उन्हें मांस का स्वांग लगा, तो टमाटर रक्त के धब्बों जैसा। अरबी को उन्होंने फिसलन भरी राजनीति का नाम दिया और मूली को सामाजिक मर्यादा का दुश्मन। सुधा की आँखों से आंसू नहीं, मानो पिघला हुआ धैर्य बह रहा था। वह बीसवीं बार रसोई की ओर गई, एक ऐसी सब्जी लेकर जिसे ठुकराने का मतलब था अस्तित्व का अंत। सुधा ने अगली सब्जी सामने रखी—तोरई। अलख जी ने उसे छुआ और पीछे हट गए जैसे करंट लग गया हो। "यह? यह तो किसी बीमार की अंतिम वसीयत जैसी पीली और मरी हुई है। इसे खाकर तो यमराज भी रास्ता भूल जाए।" पत्नी की सहनशीलता अब अपने चरम पर थी। कमरे का तापमान गिर रहा था। अलख जी ने मेज को धक्का दिया और चीख पड़े, "सुधा, इस घर में इतनी सारी सब्जी हैं, पर एक भी ऐसी नहीं जो मेरी अंतरात्मा को तृप्त कर सके। क्या तुम चाहती हो कि मैं भूखा मर जाऊं?" दुखी होते हुए बोले। सुधा स्थिर खड़ी थी। उसने अपनी साड़ी का पल्लू कमर में खोंसा और अलख जी के बहुत करीब जाकर खड़ी हो गई। उसकी आँखों में इतना गुस्सा था कि शब्दों में बयान करना मुश्किल है। अलख जी डरकर कुर्सी से चिपक गए। अचानक सुधा ने अलख जी के सामने एक खाली प्लेट रखी। बिल्कुल कोरी, चांदी जैसी चमकती हुई। अलख जी ने हकलाते हुए पूछा, "इसमें... इसमें क्या है?" सुधा ने एक अदृश्य निवाला तोड़ा और अलख जी के मुँह के पास ले गई। "खाओ," उसने आदेश दिया। अलख जी ने मुँह खोला, कुछ महसूस नहीं हुआ। "स्वाद कैसा है?" सुधा ने पूछा। अलख जी की आँखें फटी की फटी रह गईं, "अरे! यह तो अद्भुत है! ऐसा स्वाद तो स्वर्ग में भी नहीं होगा! क्या है यह?" सुधा धीरे से मुस्कुराई। उसने कहा, "यह आपका अपना 'अहंकार' है। पिछले चालीस मिनट से आप वही तो उगल रहे थे। मैंने बस उसे ही फ्राई करके परोस दिया है। इतनी सारी सब्जियां तो केवल बहाना थीं, असली व्यंजन तो आपका वह कुतर्क था जिसे दुनिया 'नखरा' कहती है।" अलख जी ने प्लेट देखी, वह अभी भी खाली थी, पर उनके पेट से डकार आई। वे हतप्रभ थे कि उन्होंने बिना कुछ खाए अपना पूरा अस्तित्व ही डकार लिया था।

# सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की बन रही नई पहचान

**छत्तीसगढ़ में आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हो रहीं महिला श्रमिक**

**डॉ. दानेश्वरी सम्भाकर,उप संचालक (जनसंपर्क)**

हर वर्ष 1 मई को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस श्रमिकों के योगदान को सम्मान देने का अवसर होता है। छत्तीसगढ़ में यह दिवस इसलिए भी खास है, क्योंकि यहां की अर्थव्यवस्था में महिला श्रमिकों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है और उनका योगदान पहले से अधिक प्रभावी होता जा रहा है। राज्य के ग्रामीण अंचलों में महिलाएं लंबे समय से कृषि कार्य, वनोपज संग्रहण, तेंदूपत्ता तोड़ने और हस्तशिल्प जैसे कार्यों में सक्रिय रही हैं, वहीं शहरी क्षेत्रों में उनकी उपस्थिति निर्माण कार्य, घरेलू सेवाओं और लघु व्यवसायों में तेजी से बढ़ी है। यह बदलाव केवल रोजगार तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं की सामाजिक पहचान और आत्मनिर्भरता को भी नई मजबूती दे रहा है। इसके बावजूद यह भी सच है कि असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिला श्रमिकों को लंबे समय तक उचित वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल और सामाजिक सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ा। वेतन असमानता, सीमित स्वास्थ्य सुविधाएं, मातृत्व लाभों की कमी और पारंपरिक सोच जैसी बाधाएं उनके सामने बनी रहीं।



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए महिला श्रमिकों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। नई श्रमिक नीतियों के जरिए असंगठित क्षेत्र की महिलाओं के लिए न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित करने और कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों को लागू करने की दिशा में ठोस पहल की गई है। महिला शक्ति केंद्रों को केवल सहायता केंद्र नहीं, बल्कि परामर्श, कानूनी सहयोग और रोजगार मार्गदर्शन के प्रभावी माध्यम के रूप में विकसित किया गया है। वहीं सखी वन स्टॉप सेंटर के जरिए हिंसा से प्रभावित महिलाओं को त्वरित सहायता और पुनर्वास की सुविधा मिल रही है। राज्य में संचालित विभिन्न योजनाएं महिला श्रमिकों के जीवन में सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार तैयार कर रही हैं।



मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों को प्रसूति के बाद 20 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है, जिससे आर्थिक दबाव कम होता है। मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना महिलाओं को स्वरोजगार की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जबकि निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना कार्यस्थल पर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करती है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे उनकी वित्तीय स्थिति मजबूत हो रही है। दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग की पंजीकृत निर्माण महिला श्रमिकों को, जिनका कम से कम तीन वर्षों का पंजीयन है, एक लाख रुपये तक की सहायता देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे महिलाओं को आय के साधन मिलने के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर भी मिल रहा है। राज्य सरकार के कौशल विकास कार्यक्रम महिला श्रमिकों को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ रहे हैं। घरेलू कामगारों, ठेका श्रमिकों और हमाल परिवारों के लिए विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं, जबकि सक्षम योजना के जरिए विधवा, परित्यक्ता और तलाकशुदा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया जा रहा है। आज छत्तीसगढ़ में महिला श्रमिक केवल श्रमशक्ति नहीं रहीं, बल्कि विकास की सक्रिय भागीदार बन चुकी हैं। उनकी भूमिका अब सहायक तक सीमित नहीं, बल्कि निर्णय लेने तक पहुंच रही है। योजनाओं की बढ़ती पहुंच और जागरूकता के कारण उनके भीतर आत्मविश्वास बढ़ा है, जिससे समाज में उनका सम्मान भी लगातार बढ़ रहा है।

छत्तीसगढ़ में महिला श्रमिकों के लिए किए जा रहे प्रयास यह स्पष्ट करते हैं कि संवेदनशील नीतियों और प्रभावी क्रियान्वयन के जरिए सकारात्मक बदलाव संभव है। सुरक्षा, सम्मान और रोजगार के अवसरों के साथ महिला श्रमिक आज राज्य के विकास की मजबूत आधारशिला बन रही हैं। यह परिवर्तन केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और सशक्तिकरण का भी प्रतीक बनकर उभर रहा है।

## सू- दोकू क्र.024

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.023 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## शब्द सामर्थ्य -024


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दवाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 023 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | | स | र | ग | म | |
| त्री | | सी | | | क्षा | | धु | र्रा |
| | सा | ह | स | | | | र | |
| स्वा | ग | त | | स | म | झौ | ता | |
| व | र | | | र | | | | म |
| लं | | वि | ला | स | | | दा | म |
| बी | न | | ज | | सा | मा | न | ता |
| | ज | | वा | हि | या | त | | |
| त | र | की | ब | | ना | | खा | ली |

## एक नजर

### बच्चा चोरी की अफवाह, लोहंडीगुड़ा में ग्रामीणों ने फेरीवालों को पीटा

**जगदलपुर, 30 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के लोहंडीगुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजारपारा में बीती रात कुछ ग्रामीणों ने मध्यप्रदेश से सामान बेचने आये लोगों पर बच्चा चोरी करने का शक जताते हुए बवाल मचा दिया। देखते ही देखते पूरे गांव के लोग आ पहुंचे। जहां फेरी वालों के साथ मारपीट के साथ ही गाली गलौज भी की गई। डर के चलते फेरीवालों ने अपने आप को एक कमरे में बंद कर लिया। इसकी सूचना लोहंडीगुड़ा थाना को मिलने के बाद पुलिस मौके पर पंहुचकर फेरीवालों को अपने साथ थाने ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश जिले के सीहोर गांव में रहने वाले परिवार के लोग फेरी का सामान बेचने के लिए 2 दिन पहले लोहंडीगुड़ा पहुंचे। जहां एक किराये के मकान में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। बीती रात को उनके घर के बाहर कुछ बच्चे खेल रहे थे। उन फेरी वालों के साथ आये कुत्ते ने भौंकना शुरू कर दिया। कुत्ते की आवाज सुनकर कुछ बच्चे भाग गए तो वहीं एक बच्चा जाने का नाम नहीं ले रहा था। जिसके बाद फेरी वाले घर के बाहर आकर उस बच्चे को जाने के लिए बार-बार कह रहे थे। अचानक से बच्चे की रिश्तेदार ने फेरीवालों के साथ बच्चे को देख लिया और बच्चा चोरी करने की बात कहते हुए गांव में इस बात की अफ्वाह फैला।

### जिले के खाद्य प्रतिष्ठानों एवं स्ट्रीट फूड वेंडरों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की सख्त नजर, स्वच्छता में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**कांकेर 30 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में आमजनों को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर सघन जांच एवं जागरूकता अभियान 'सही दवा शुद्ध आहार- यही छत्तीसगढ़ का आधार' चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर फ्ल दुकानों, स्ट्रीट फूड्र वेंडरों, गुपचुप एवं चाट ठेलों का सघन निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान जिले को कार्बाइड मुक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने फ्ल विक्रेताओं को फ्लों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड जैसे खतरनाक रसायनों का उपयोग किसी भी स्थिति में नहीं करने की समझाइश देते हुए बताया गया कि कार्बाइड से पके फ्ल मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक होते हैं और इससे पेट संबंधी समस्याएं, तंत्रिका तंत्र पर प्रभाव तथा गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे मामलों में पकड़े जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्हें प्राकृतिक तरीके से फ्ल पकाने तथा सुरक्षित विकल्प अपनाने की सलाह दी गई। वहीं, स्ट्रीट फूड्र वेंडरों, गुपचुप एवं चाट विक्रेताओं की स्वच्छता व्यवस्था की भी गहन जांच की गई। कई स्थानों पर साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। खाद्य सामग्री खुले में रखी हुई मिली तथा कुछ विक्रेता बिना ग्लव्स एवं कैप के खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं परोसने का कार्य करते पाए गए। इस पर अधिकारियों ने तत्काल सुधार करने के निर्देश देते हुए सख्त चेतावनी दी। साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम से संबंधित आवश्यक नियमों एवं मानकों की जानकारी भी दी गई, ताकि वे सुरक्षित तरीके से खाद्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय कर सकें। प्राप्त शिकायत के आधार पर वृंदावन रेस्टोरेंट कांकेर का आकस्मिक निरीक्षण दल के द्वारा किया गया एवं मौके पर बूंदी लड्डू एवं गुलाब जामुन का नमूना संकलित किया गया जिसे परीक्षण हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। ।

### साय सरकार की बिजली बिल समाधान योजना बनी परिवारों के लिए सहारा

**जगदलपुर, 30 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की जन-कल्याणकारी नीतियां अब धरातल पर बदलाव का पर्याय बनती जा रही हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 उन निर्धन परिवारों के लिए एक बड़ा संबल बनकर उभरी है, जो भारी भरकम बिजली बिल के कारण अंधकार में रहने को मजबूर थे। बस्तर जिले के ग्राम बालेंगा की रहने वाली पद्मा कश्यप की कहानी इस योजना की सफ्लता और संवेदनशीलता का जीता-जागता उदाहरण है। पद्मा का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। अपने माता-पिता को खो देने के बाद वह घर में अकेली रह गई थीं।

# नगर पंचायत गीदम की ओछी सियासत:मड़ई मेले से बुजुर्गों के नाम गायब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम 30 अप्रैल।** संवादाता आदिवासी संस्कृति और आस्था का प्रतीक 'गीदम मड़ई' इस वर्ष अपनी भव्यता से ज्यादा विवादों और नगर पंचायत की 'घटिया राजनीति' के कारण चर्चा में है। बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के आगमन और आदिवासियों के पारंपरिक रीति-रिवाजों वाले इस मेले पर अब सत्ता के अहंकार का काला साया पड़ता दिखाई दे रहा है। ताजा विवाद संरक्षक मंडल की सूची से नगर के उन वरिष्ठ बुजुर्गों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों का नाम हटाने को लेकर शुरू हुआ है, जिन्होंने इस मेले को अपने खून-पसीने से सींचा था। आज उस इतिहास को मिटाने की कोशिश की जा रही है

30 साल बाद मेला शुरू करने वाले ही 'अपमानित' हो रहे है। गीदम मड़ई का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है। वर्षों पहले एक खूनी संघर्ष के बाद प्रशासन ने इस मेले पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया था।



लगभग 30 वर्षों तक बंद रहे इस मेले को तत्कालीन सरपंच जयकिशोर शर्मा के प्रयासों से पुनः शुरू किया गया था। श्री शर्मा ने अपने लगातार 20 साल के सरपंची सफ्ल कार्यकाल में निर्विवादित रूप से 20 बार इस भव्य आदिवासी मेले का आयोजन को संपन्न कराया और माँ दंतेश्वरी के छत्र को ससम्मान मड़ई में लाने की परंपरा को जीवित रखा। लेकिन इस वर्ष नगर पंचायत द्वारा जारी पोस्टरों और सूचियों से जयकिशोर शर्मा सहित नगर के कई प्रतिष्ठित व्यापारियों और बुजुर्गों के नाम काटकर उन्हें हाशिए पर धकेल दिया गया है। नगर की जनता इसे 'कृतघ्नता की पराकाष्ठा' और 'ओछी मानसिकता' का अध्याय बता रही है।

### भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपः क्या मड़ई अब 'वसूली' का अड्डा बन रहा है..

राजनीतिक द्वेष के साथ-साथ इस मेले में भ्रष्टाचार की गूँज भी सुनाई दे रही है। आदिवासी नेता विमल सलाम ने नगर पंचायत के कार्यों पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि मेले की भव्यता बढ़ाने वाले बाहरी झूलों और मीना बाजार वालों से 'मोटी रकम' की मांग की बात कहकर सभी को अचंभित कर दिया। एक ओर जहाँ यह आयोजन पूरी तरह आदिवासी नेतृत्व और धार्मिक रीति-रिवाजों से संपन्न होना चाहिए था, वहीं नगर पंचायत की दखलंदाजी और उगाही की खबरों ने इसकी पवित्रता को तार-तार कर दिया है।

### जनता में भारी आक्रोशः राजनीति से दूर रहे आस्था का केंद्र

नगर के वरिष्ठ बुजुर्गों को संरक्षक मंडल से बाहर किए जाने को लेकर पूरे गीदम में कड़ी आलोचना की जा रही है। व्यापारियों और आम नागरिकों का कहना है कि राजनीति अपनी जगह है, लेकिन बुजुर्गों का सम्मान इस शहर की संस्कृति रही है। नगर पंचायत की इस 'कुंठित मानसिकता' के खिलाफ लोगों में भारी आक्रोश है। चर्चा है कि सत्ता के नशे में चूर कुछ लोग इतिहास के पन्नों से उन नामों को मिटाना चाहते हैं जिनका कद उनकी सोच से कहीं ज्यादा बड़ा है। आज नगर की जनता पूछ रही है कि जिस व्यक्ति ने प्रतिबंधित मेले को दोबारा शुरू कराया, उसका नाम संरक्षक सूची से क्यों हटाया गया?

क्या सांस्कृतिक मेलों का उपयोग अब केवल 'राजनीतिक चमचागिरी' और 'वसूली' के लिए होगा?

### आदिवासी संस्कृति के इस मेले में नगर पंचायत का इतना राजनीतिक हस्तक्षेप क्यों?

गीदम के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी सार्वजनिक उत्सव में इस तरह का 'घटियापन' दिखाई दे रहा है। माँ दंतेश्वरी के नाम पर होने वाले इस पावन पर्व को व्यक्तिगत द्वेष और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाना न केवल निंदनीय है, बल्कि गीदम के गौरवशाली इतिहास का अपमान भी है।

## महतारी वंदन योजना बना रही महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर

# साय सरकार की पहल से महिलाओं के सपनों को मिल रही नई उड़ान

**रायपुर, 30 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता को लेकर लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसी दिशा में शुरू की गई 'महतारी वंदन योजना' आज हजारों महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रही है। यह योजना न केवल महिलाओं को आर्थिक संबल दे रही है, बल्कि उन्हें परिवार और समाज में मजबूत भूमिका निभाने का अवसर भी प्रदान कर रही है।



साय सरकार द्वारा लागू की गई महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके खाते में प्रदाय की जाती है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण स्तर में सुधार लाना, उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाना और परिवार में निर्णय लेने में उनकी भूमिका को सुदृढ़ करना है। यह राशि महिलाओं के लिए छोटे-छोटे आर्थिक अवसरों का आधार बन रही है, जिससे वे अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं।

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के मरवाही विकासखंड के ग्राम मझगंवा की रहने वाली श्रीमती हेमा सिंह आज इस योजना की सफ्लता की जीवंत मिसाल बन चुकी हैं। कभी आर्थिक तंगी से जूझने वाली हेमा सिंह ने महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि को केवल खर्च करने के बजाय उसे एक अवसर के रूप में अपनाया। उन्होंने हर महीने मिलने वाले 1000 रुपये को बचाना शुरू किया और कुछ ही समय में अपने घर के पास एक छोटा सा किराना स्टोर खोल लिया। बूंद बूंद से घड़ा भरता है कि कहावत को चरितार्थ करते हुए शुरुआत की थी, लेकिन उनकी मेहनत और लगन ने धीरे-धीरे इस छोटे व्यवसाय को सफ्ल बना दिया। आज उनकी दुकान गांव के लोगों की जरूरतों को पूरा कर रही है और उनके परिवार की आय का मजबूत आधार बन चुकी है। हेमा सिंह की आय में स्थिरता आने से उनके परिवार का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। अब वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला पा रही हैं और भविष्य के लिए बचत भी कर रही हैं। जहां पहले रोजमर्रा के खर्चों को लेकर चिंता बनी रहती थी, वहीं अब उनके चेहरे पर आत्मविश्वास और संतोष साफ झलकता है। हेमा सिंह अपनी सफ्लता का श्रेय महतारी वंदन योजना को देते हुए कहती हैं कि यह योजना उनके लिए एक नई शुरुआत साबित हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए उन्हें आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। महतारी वंदन योजना इसी सोच का परिणाम है, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ समाज में उनकी भागीदारी को भी बढ़ा रही है। यह योजना आज न केवल आर्थिक सहायता का माध्यम बन रही है, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और स्वाभिमान को भी नई ऊंचाई दे रही है। हेमा सिंह जैसी कहानियां इस बात का प्रमाण हैं कि यदि सही दिशा और अवसर मिले, तो महिलाएं अपने जीवन की तस्वीर खुद बदल सकती हैं।

### घरेलू जरूरतें हो रहीं पूरी

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित महतारी वंदन योजना राज्यभर की महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम बनकर उभर रही है। योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपनी दैनिक आवश्यकताओं को स्वयं पूरा कर पा रही हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति में सहयोग दे रही हैं। बलरामपुर जिले के विकासखंड वाड्रफ्नगर अंतर्गत ग्राम शिवरी की निवासी श्रीमती शिल्पा कश्यप इसका एक प्रेरणादायक उदाहरण हैं। योजना से पहले उन्हें घरेलू खर्चों के लिए परिवार पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें प्रतिमाह मिलने वाली सहायता राशि से दैनिक जरूरतों की पूर्ति करना आसान हो गया है। अब तक उन्हें 26 किश्तों के माध्यम से 26 हजार रुपये की राशि प्राप्त हो चुकी है, जिससे परिवार के खर्चों में सहयोग मिला है। श्रीमती कश्यप बताती हैं कि इस योजना से उन्हें बच्चों की छोटी-छोटी आवश्यकताओं को पूरा करने और अपने दैनिक खर्चों को संभालने में मदद मिल रही है। वे अब आत्मनिर्भर महसूस कर रही हैं और अपने निर्णय स्वयं लेने में सक्षम हुई हैं।राज्य के विभिन्न जिलों में इस योजना का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है।

# बस्तर जिले में 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम घोषित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 30 अप्रैल।** बस्तर जिले के हजारों स्कूली बच्चों का इंतजार अब खत्म होने को है, क्योंकि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने की आधिकारिक तिथि तय कर दी गई है। पांचवीं और आठवीं की यह परीक्षा बोर्ड परीक्षाओं की तर्ज पर आयोजित की गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार 30 अप्रैल को इन दोनों महत्वपूर्ण कक्षाओं के नतीजे जारी किए जाएंगे, जिसे लेकर छात्रों और अभिभावकों के बीच खासा उत्साह का माहौल है।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में जिले भर के विभिन्न केंद्रों से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। परीक्षा संपन्न होने के बाद से ही मूल्यांकन केंद्र कड़ी सुरक्षा और पारदर्शिता के साथ उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में जुटे हुए थे। अब जबकि सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं, तो शिक्षा विभाग परिणामों को अंतिम रूप देकर पोर्टल पर साझा करने की तैयारी में है।

गुरुवार सुबह से ही छात्र अपने परीक्षा परिणामों को लेकर उत्सुक रहेंगे। स्कूलों को भी निर्देशित किया गया है कि वे परिणामों के वितरण और विद्यार्थियों के भविष्य की योजनाओं को लेकर सक्रिय रहें।

# 20 हजार की सुपारी किलिंग का हुआ खुलासा, 5 आरोपित गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 30 अप्रैल।** जिले के भानुप्रतापपुर में अपराध की तस्वीर अब और खतरनाक होती नजर आ रही है। गांव की रंजिश और चुनावी दुश्मनी ने ऐसा रूप ले लिया कि एक इंसान की जान की कीमत महज ?20 हजार लगाई गई। थाना लोहत्तर पुलिस ने आज बुधवार को इस साजिश का पर्दाफाश करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 3 साजिशकर्ता और 2 सुपारी किलर शामिल हैं।

घटना 24-25 अप्रैल की दरमियानी रात की है, जब ग्राम तुमरीसुर निवासी लालजी पुडो शादी समारोह से लौट रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सिर और हाथ पर गंभीर वार कर उन्हें मृत समझकर आरोपी फ्रार हो गए। जांच में जो सामने आया, वह और भी चौंकाने वाला है। गांव में बढ़ते प्रभाव और पुरानी रंजिश के चलते अनिल पुडो, राजेश उर्फ राकेश आंचला और मनसा नेताम ने मिलकर हत्या की साजिश रची। इसके लिए भानुप्रतापपुर के रोहित जैन और भुरू उर्फ दिनेश को ?20 हजार की सुपारी दी गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की मदद से सभी आरोपियों को धर दबोचा।

घटना में इस्तेमाल हथियार भी बरामद किए गए हैं। यह मामला सिर्फ एक हमले का नहीं, बल्कि समाज में पनप रही उस खतरनाक मानसिकता को दर्शाता है, जहां इंसानी जिंदगी की कीमत कुछ हजार रुपयों में तय की जा रही है। पुलिस ने भले ही आरोपियों को पकड़ लिया हो, लेकिन सवाल अभी भी वहीं खड़ा है, कि क्या अब गांव की रंजिशें सीधे 'सुपारी किलिंग' तक पहुंच चुकी हैं?

# सांसद महेश कश्यप ने अपने परिवार की स्व-गणना कर नागरिकों से की भागीदारी की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 30 अप्रैल।** बस्तर सांसद महेश कश्यप ने जनगणना 2026 के महाअभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। उन्होंने सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए डिजिटल पोर्टल का उपयोग करते हुए अपने परिवार की स्व-गणना का कार्य स्वयं पूर्ण किया। श्री कश्यप ने अपने निवास पर डिजिटल माध्यम से परिवार के सदस्यों का विवरण दर्ज कर यह संदेश दिया कि आधुनिक भारत में नागरिक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सुलभता और शुचिता के साथ कर सकते हैं।



स्व-गणना की इस प्रक्रिया को पूरा करने के पश्चात सांसद ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि जनगणना राष्ट्र के भविष्य की रूपरेखा तैयार करने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सटीक आंकड़े ही भविष्य की जनकल्याणकारी योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास का आधार बनते हैं। उन्होंने बताया कि स्व-गणना न केवल समय की बचत करती है, बल्कि यह सुनिश्चित करती है कि आपके परिवार की जानकारी बिना किसी त्रुटि के सीधे प्रशासन तक पहुंचे।

सांसद ने नागरिकों से अपील की है कि वे प्रगणकों की प्रतीक्षा करने के बजाय स्वयं आगे आएं और डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर इस प्रक्रिया में अपना योगदान दें। सांसद ने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी तकनीकी दक्षता का लाभ उठाते हुए अपने मोहल्ले और गांव के कम पढ़े-लिखे लोगों की स्व-गणना करने में सहायता करें, ताकि 2026 की जनगणना को पूरी तरह सफ्ल और पारदर्शी बनाया जा सके।

### बस्तर के बोर्ड परिणामों में ऐतिहासिक सुधार

**जगदलपुर, 30 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी बोर्ड मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, जिसमें बस्तर जिले ने सफ्लता के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार इस वर्ष हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में जिले का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 90.60 रहा, जबकि हायर सेकेण्डरी में विद्यार्थियों ने और भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए 92.34 प्रतिशत सफ्लता हासिल की है। यह परिणाम न केवल जिले की शैक्षणिक प्रगति को दर्शाते हैं, बल्कि पिछले वर्ष की तुलना में एक बड़ी उपलब्धि की ओर भी इशारा करते हैं। तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो वर्ष 2026 में हाईस्कूल के उत्तीर्ण प्रतिशत में 1.78 प्रतिशत और हायर सेकेण्डरी के परिणाम में 4.96 प्रतिशत की उत्साहजनक वृद्धि दर्ज की गई है।

# हरी खाद से बढ़ेगा फसल उत्पादन, मिट्टी की सेहत होगी बेहतर

**रायपुर, 30 अप्रैल।** आज के दौर में टिकाऊ खेती की ओर बढ़ना समय की मांग है। रसायनों के बोझ तले दबती मिट्टी को राहत देने के लिए हरी खाद एक बेहतरीन समाधान बनकर उभरी है। यह न केवल फ्सलों की पैदावार बढ़ाती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जमीन की उर्वरता को भी सुरक्षित रखती है। मिट्टी बचेगी, तो किसान बचेगा और किसान बचेगा, तो देश समृद्ध होगा।



कृषि विभाग द्वारा किसानों को खेती में हरी खाद के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और उत्पादन में सुधार लाने में मदद मिल सके। विभाग के अनुसार धान के खेतों में लगातार रासायनिक उर्वरकों के अधिक उपयोग से मिट्टी में लाभदायक सूक्ष्म जीवों की गतिविधियां कम हो रही हैं और मिट्टी की संरचना भी प्रभावित हो रही है।

हरी खाद वह सहायक फ्सल है जिसे मुख्य फ्सल बोने से पहले खेत में उगाया जाता है और फूल आने की अवस्था में ही उसे हल चलाकर मिट्टी में दबा दिया जाता है। ढैंचा, सनई, लोबिया, मूंग और उड़द जैसी फ्सलें हरी खाद के लिए सबसे उपयुक्त मानी जाती हैं। हरी खाद के तहत कई फ्सलों का उपयोग किया जाता है जिनमें दलहनी और बिना दलहनी फ्सलें शामिल होती हैं। हरी खाद के लिए झाड़ियों और पेड़ों की पत्तियों, टहनियों को भी उपयोग में ला सकते हैं, लेकिन इसके लिए विशेष रूप से ढैंचा फ्सलों का उपयोग किया जाता है। इन फ्सलों को खेतों में लगाकर भूमि में सुधार किया जाता है।

हरी खाद का सबसे बड़ा प्रभाव मिट्टी की भौतिक और रासायनिक संरचना पर पड़ता है। यह मिट्टी में नाइट्रोजन और कार्बनिक पदार्थों (ह्यूमस) की मात्रा को तेजी से बढ़ाती है। हरी खाद मिट्टी को भुरभुरा बनाती है, जिससे हवा का संचार बढ़ता है और पौधों की जड़ें गहराई तक जा पाती हैं। इसके उपयोग से मिट्टी की पानी सोखने की शक्ति बढ़ जाती है, जो सूखे के समय फ्सलों के लिए जीवन रक्षक साबित होती है।

जब मिट्टी स्वस्थ होती है, तो उत्पादन का बढ़ना निश्चित है। हरी खाद के प्रयोग से पैदावार में 15 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि देखी जा सकती है। यूरिया और अन्य रासायनिक खादों पर निर्भरता कम हो जाती है, जिससे किसान की फ्सल की लागत घटती है। मित्र कीटों से फ्सल का संरक्षण करता है। यह जमीन के भीतर लाभकारी सूक्ष्मजीवों और केंचुओं की संख्या बढ़ाने में मदद करती है।

क्षेत्र की जलवायु के अनुसार सनई या ढैंचा का चुनाव करें। बुवाई का समय मानसून की शुरुआत (जून-जुलाई) इसके लिए सबसे उपयुक्त है। जब फ्सल लगभग 40-50 दिन की हो जाए और उसमें फूल आने लगें, तब उसे पाटा लगाकर या रोटावेटर की मदद से मिट्टी में मिला दें। पलटने के बाद 10-15 दिनों तक खेत में नमी बनाए रखें ताकि खाद अच्छी तरह सड़कर मिट्टी का हिस्सा बन जाए।

हरी खाद केवल एक उर्वरक नहीं है, बल्कि यह मिट्टी का उपचार है। यदि किसान हर दूसरे या तीसरे साल अपने खेत में हरी खाद का प्रयोग करें, तो न केवल उनकी आय बढ़ेगी, बल्कि हम समाज को रसायनों से मुक्त, शुद्ध और पौष्टिक अनाज भी उपलब्ध करा पाएंगे।

हरी खाद का उपयोग कृषि के लिए एक ष्वरदानष् के समान है। वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति कम हो रही है, ऐसे में हरी खाद (ळतममद डंदनतम) प्राकृतिक तरीके से मिट्टी को पुनर्जीवित करने का सबसे सुलभ विकल्प है। कृषि विभाग द्वारा खरीफ फ्सल से पूर्व हरी खाद के बीज उपलब्ध कराने की भी पहल की जा रही है। इसके लिए क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से किसानों से मांग लेकर बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है।

**(धनंजय राठौर, संयुक्त संचालक जनसंपर्क)**

# नक्सलियों के छिपाकर रखे गये 9 आईईडी सहित नक्सल सामग्री बरामद

**कांकेर, 30 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों के जवानों ने आज बुधवार को आमाबेड़ा और ताड़ोकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ेधौसा, मानकोट, उपरकोटगांव और जिक्लामारी से नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गये 7 कुकर आईईडी 5-5 किलो वजनी और 2 पाइप आईईडी सहित 9 आईईडी बरामद किया गया है।इसके साथ ही एक बंड़ल कोडेक्स, 3 बंडल नक्सली वर्दी कपड़ा, 7 बंडल इलेक्ट्रिक वायर सहीत अन्य नक्सल सामग्री भी बरामद किया गया है। हालांकि क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा चुका है, लेकिन जंगलों में नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी अब भी खतरा बने हुए हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षाबलों द्वारा लगातार सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। बरामद किए गए सभी आईईडी को मौके पर ही बम निरोधक दस्ते की मदद से सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान पूरी सावधानी बरती गई, ताकि किसी भी तरह का नुकसान न हो। सुरक्षाबलों की इस सतर्कता से आस-पास के ग्रामीणों को भी राहत मिली है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि क्षेत्र में सर्चिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। जंगलों में छिपे ऐसे विस्फोटकों को ढूंढकर निष्क्रिय करना प्राथमिकता है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। नक्सल प्रभावित इलाकों में इस तरह की कार्रवाई से न केवल सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होती है, बल्कि आम लोगों में भी विश्वास बढ़ता है।

### युवा उद्यमियों के नवाचार को सराहा, व्यवसाय विस्तार के दिए व्यावहारिक सुझाव

# रोजगार योजनाओं की जमीनी हकीकत परखने पहुंचे प्रबंध संचालक, हितग्राहियों से किया सीधा संवाद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 30 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रबंध संचालक श्रीमती रीता यादव द्वारा विभागीय योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से लाभान्वित हितग्राहियों के इकाई स्थलों का आकस्मिक निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा लेते हुए हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उनके अनुभवों की जानकारी प्राप्त की।

ग्राम पंचायत कोसमंदा में संचालित दोना-पत्तल निर्माण इकाई के संचालक श्री नेहरू लाल पटेल ने बताया कि वे पिछले 12 वर्षों से इस व्यवसाय से जुड़े हैं। इस माध्यम से न केवल उनका स्वयं का रोजगार सुनिश्चित हुआ है, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार प्राप्त हो रहा है। प्रबंध संचालक ने इस इकाई को ग्रामीण स्वरोजगार का सफल एवं प्रेरणादायक मॉडल बताया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत ऋण प्राप्त कर कूलर निर्माण व्यवसाय संचालित कर रहे श्रेयस साहू के कार्यों की सराहना की गई। पुसौर में निखिल साहू द्वारा संचालित आधुनिक रेस्टॉरेंट तथा रायगढ़ में श्री अभिषेक केरकेट्टा द्वारा संचालित ओहमा होटल एवं रेस्टोरेंट के सफल संचालन की भी प्रशंसा की गई। उन्होंने उद्यमियों को व्यवसाय विस्तार हेतु आवश्यक सुझाव प्रदान करते हुए युवाओं के उत्साह की सराहना की। निरीक्षण के दौरान श्रीमती यादव ने ग्रामीण क्षेत्रों में विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए अधिकाधिक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने की आवश्यकता बताई। उन्होंने ग्रामोद्योग अंतर्गत नई इकाइयों की स्थापना हेतु प्रकरण तैयार कर बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश प्रभारी अधिकारी श्री आशीष सिंह राठौर को दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है तथा स्वरोजगार के माध्यम से युवाओं के लिए नए अवसर सृजित हो रहे हैं। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## आबकारी विभाग ने 377 लीटर महुआ शराब एवं 1705 किलो महुआ लाहन जब्त किया



**रायगढ़, 30 अप्रैल ।** कलेक्टर के निर्देश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने जिले में कार्रवाई करते हुए अवैध महुआ शराब के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों से 377 लीटर से अधिक महुआ शराब एवं 1705 किलोग्राम महुआ लाहन की जप्ती की है। जिसमें 29 अप्रैल को की गई इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से महुआ शराब जब्त की गई।

पहले मामले में थाना चक्रधरनगर के मनुवापाली निवासी गोविंद सेठ 50 वर्ष के पास से 18.720 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। वहीं दूसरे मामले में थाना-घरघोड़ा अंतर्गत चारमार निवासी कांती बाई 46 वर्ष के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा के तहत गैर-जमानती अपराध दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।आबकारी विभाग ने पिछले तीन दिनों में जिले के विभिन्न ग्रामीण और वन क्षेत्रों में भी व्यापक छापेमारी की। ग्राम बड़गांव थाना तमनार, धरमपुरा थाना चक्रधरनगर, बिंजकोट थाना चक्रधरनगर और कर्रानारा थाना खरसिया के आसपास अवैध शराब निर्माण स्थलों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान अवैध भट्टियों को नष्ट करते हुए कुल 344 लीटर महुआ शराब और 1705 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। आबकारी विभाग ने कहा है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## एक नजर

### हत्या,लूट का फरार आरोपी गिरफ्तार




**भिलाई, 30 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई हत्या और लूट का फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी खगेंद्र पठारे ने बताया कि आरोपी योगेंद्र निषाद उर्फ बाठु को पुलिस ने पकड़ा है आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतक नारायण उर्फ रामनारायण के जेब से 2400 रुपये निकालने पर मृतक द्वारा विरोध किए जाने पर विवाद के बाद हत्या करना स्वीकार किया। नाबालिग दोस्त द्वारा हाथ-मुक्के से मारपीट कर उसे घसीटकर दुर्गा मंच के पास ले जाकर पत्थर से चेहरे, सिर पर हमला कर मौत के घाट उतारा गया।

### जिले के प्रभारी सचिव ने पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल मानपुर का किया निरीक्षण

**मोहला 30 अप्रैल ।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ जिले के प्रभारी सचिव श्री पी.एस. एल्मा ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान मानपुर स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान स्कूल पहुंचने पर विद्यार्थियों ने अंग्रेजी में स्वागत गीत प्रस्तुत कर प्रभारी सचिव का स्वागत किया। श्री एल्मा ने विद्यालय के शिक्षकों से परिचय प्राप्त करते हुए स्कूल की शैक्षणिक एवं मूलभूत व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति, कुल दर्ज संख्या, शिक्षकों की उपलब्धता तथा विद्यालय में पेयजल, रनिंग वाटर, साफ-सफाई और विद्युत व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। प्रभारी सचिव ने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारु रखने एवं कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों के हेल्थ कार्ड बनाने के निर्देश दिए, ताकि नियमित मासिक स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही क्रीमी नाशक दवाइयों एवं आयरन टेबलेट के वितरण पर भी ध्यान देने को कहा। उन्होंने पालक-शिक्षक बैठक आयोजित करने, रिक्त पदों की जानकारी उपलब्ध कराने तथा शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन को विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम मानपुर श्री अमित नाथ योगी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सिल्क समग्र-2 योजना जिले के किसानों के लिए आय और आत्मनिर्भरता का नया मार्ग

**महासमुंद 30 अप्रैल ।** जिले में केंद्र प्रायोजित सिल्क समग्र 2 योजना ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार किया है। रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने एवं आय के नए अवसर सृजन करने के उद्देश्य से लागू इस योजना के तहत महासमुन्द जिले में अब तक 21 किसानों का चयन कर शहतूत पौधरोपण का कार्य सफलतापूर्वक किया जा चुका है, जो कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने एवं नए रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण है। सिल्क समग्र 2 योजना मुख्यरूप से उन लघु एवं सीमांत कृषकों के लिए है जिनके पास 5 एकड़ से कम कृषि भूमि है। ऐसे किसान अपनी एक एकड़ भूमि में शहतूत की खेती कर कृमिपालन के माध्यम से रेशम उत्पादन कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। किसान वर्षभर में 5-6 बार कृमि पालन कार्य कर सकते हैं और प्रत्येक कृमि पालन से 30 से 40 हजार की आय संभव है। इस प्रकार खर्च कटौती के बाद प्रतिवर्ष लगभग 1 से 1.5 लाख रुपए तक की शुद्ध आय प्राप्त की जा सकती है।योजना के तहत चयनित किसानों को चरणबद्ध तरीके से विभिन्न मदों में आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। पौधरोपण और सिंचाई के लिए 60-60 हजार रुपए, कृमि पालन गृह निर्माण हेतु 3 लाख 25 हजार रुपए तथा कीट पालन उपकरण एवं सामग्री के लिए 55 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जा रही है। इस प्रकार कुल मिलाकर प्रत्येक किसान को 5 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है, जिसमें 80 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार का और 20 प्रतिशत राज्य सरकार का है।

## सही दवा-शुद्ध आहार अभियान के तहत रायगढ़ में सघन जांच तेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 30 अप्रैल ।** शिक्षा विभाग के सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में तथा प्रदेशवासियों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा 27 अप्रैल से 11 मई 2026 तक ÷सही दवा-शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार÷ थीम पर 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 29 अप्रैल को रायगढ़ जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं ग्राम क्षेत्रों में मेडिकल एवं कॉस्मेटिक प्रतिष्ठानों का व्यापक निरीक्षण किया गया।



अभियान के तहत रायगढ़ जिले के विकासखंड पुसौर एवं खरसिया सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित थोक एवं खुदरा दवा दुकानों तथा कॉस्मेटिक प्रतिष्ठानों को विशेष रूप से चिन्हित कर जांच की गई। पुसौर क्षेत्र में बी.के.मेडिकल स्टोर, अग्रवाल मेडिकल स्टोर, सुशील मेडिकल सेंटर तथा शॉपिंग जोन (कॉस्मेटिक) सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार खरसिया क्षेत्र में हीरा मेडिकल स्टोर, सुषमा इंटरप्राइजेस, अजय इंटरप्राइजेस सहित अन्य दुकानों की सघन जांच की गई।

जांच के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के प्रावधानों के तहत कुल 05 मेडिकल स्टोर एवं 03 कॉस्मेटिक दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान दवाओं के भंडारण, गुणवत्ता, एक्सपायरी डेट, लाइसेंस की वैधता एवं आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही दुकानदारों को दवा विक्रय से संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने कहा है कि यह अभियान केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण अंचलों में भी स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष फोकस किया जा रहा है। जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे दवाएं खरीदते समय बिल अवश्य लें, एक्सपायरी डेट जांचें और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विभाग को सूचित करें, ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय छोटेमुड़पार में संविदा पदों के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू 6 मई को

**रायगढ़, 30 अप्रैल ।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छोटेमुड़पार, विकासखंड खरसिया द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न पदों पर संविदा आधार पर भर्ती हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जा रहा है। यह साक्षात्कार 6 मई 2026 को प्रातः 9 बजे से आदिवासी बालक आश्रम, चोढ़ा (राजस्थानी होटल के समीप), खरसिया, जिला रायगढ़ में संपन्न होगा।

विद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार पीजीटी (जीवविज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास), टीजीटी विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, शारीरिक शिक्षा,केवल महिला, कला सहित कौशल विषय में ऑटोमोटिव लैब प्रशिक्षक तथा गैर-शैक्षणिक पदों में छात्रावास अधीक्षक (पुरुष/महिला), नर्स एवं काउंसलर के पदों पर भर्ती की जाएगी। सभी पद पूर्णतः संविदा आधारित होंगे। उम्मीदवारों के लिए अंग्रेजी माध्यम (सीबीएसई) में दक्षता अनिवार्य रखी गई है, वहीं शैक्षणिक एवं अन्य योग्यता राष्ट्रीय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सोसायटी के निर्धारित मानकों के अनुरूप होगी। जानकारी ली जा सकती है। विद्यालय प्राचार्य ने योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग लेने की अपील की है।

## 4 मई से प्रारंभ होगा जन समस्या निवारण शिविर

**मोहला 30 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत शासन की प्राथमिकताओं में जन शिकायतों का त्वरित, समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण एवं विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जन समस्या निवारण शिविर हेतु क्लस्टर वार तिथि व स्थान निर्धारित किया गया है।

तिथि एवं क्लस्टर वार निर्धारित स्थान के अनुसार जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत 4 मई को ग्राम पंचायत विचारपुर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 13 मई को ग्राम पंचायत हांडीटोला में, 20 मई को ग्राम पंचायत देववाडवी में, 28 मई को ग्राम पंचायत भनसुला में, 5 जून को ग्राम पंचायत पीपरखार में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायत मोहला के अंतर्गत 8 मई को ग्राम पंचायत मारीं में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 18 मई को ग्राम पंचायत हेरकुटुब में, 25 मई को ग्राम पंचायत आमाडुला में, 3 जून को ग्राम पंचायत कुम्हली में, 8 जून को ग्राम पंचायत रानाटोला में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।इसी प्रकार जनपद पंचायत मानपुर के अंतर्गत 6 मई को साल्हेभट्ठी में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 15 मई को कोराचा में, 22 मई को कहगांव में, 1 जून को खरीदी में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत 7 मई को मंगल भवन में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। 10 मई को गंजचौक कृषि मंडी में एवं 19 मई को टाउन हॉल में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन को लेकर प्रत्येक शिविर में एक निश्चित थीम निर्धारित किया गया है।

## नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 30 अप्रैल।** नौकरी दिलाने के नाम पर बड़े ठगी रैकेट का खुलासा हुआ है। थाना भिलाई नगर पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने फर्जी नियुक्ति पत्र बनाकर कई लोगों से लाखों रुपये ऐंठ लिए। मामले में आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है 4 लोगों से 16 लाख से ज्यादा की ठगी

शिकायतकर्ता उपासना देशमुख की रिपोर्ट के अनुसार आरोपी सातुम सेम्युल गुज्जर उर्फ आदी ने शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और बीएसपी में नौकरी लगवाने का झांसा दिया इस दौरान उसने फर्जी जॉइनिंग लेटर और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर चार पीड़ितों से कुल 16,15,000 रुपये की ठगी की



फर्जी दस्तावेज तैयार कर रचा जाल पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने विश्वास दिलाने के लिए सरकारी विभागों के नाम पर नकली नियुक्ति पत्र तैयार किए। इन दस्तावेजों के आधार पर पीड़ितों से पैसे वसूले गए। घटना के प्रमुख स्थानों में सेक्टर-09 का इंडियन कॉफी हाउस, हुडको भिलाई और रायपुर मंत्रालय क्षेत्र शामिल हैं पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारी मामले में भिलाई नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 29 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468 और 471 के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेज दिया गया है जब्त किए गए साक्ष्य पुलिस ने आरोपी के पास से फर्जी नियुक्ति पत्र, कूटरचित दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जब्त किए हैं जांच एजेंसियां अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही हैं।

## सुशासन तिहार की तैयारियां करें पूरी, आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें : पी.एस. एल्मा

**मोहला 30 अप्रैल ।** जिले के प्रभारी सचिव श्री पी.एस.एल्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं के प्रगति समीक्षा की। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस श्री यशपाल सिंह, डीएफओ श्री दिनेश पटेल उपस्थित रहे।



प्रभारी सचिव श्री एल्मा ने सुशासन तिहार 2026 की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए सभी विभागों की कार्य योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जाए तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन गंभीरता से करें। विशेष रूप मुख्यमंत्री जनदर्शन के तहत प्राप्त आवेदनों के शीघ्र एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने शिविर स्थलों पर पेयजल, बैठक व्यवस्था एवं शिविर आयोजन के लिए स्थान चिन्हांकन सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही वर्तमान में संचालित जनगणना कार्यों की तैयारियों की भी समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए शिशु मृत्यु दर एवं कुपोषण की स्थिति के संबंध में स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य, सुपोषण तथा मातृ-शिशु मृत्यु दर में सुधार हेतु संयुक्त प्रयासों पर बल दिया। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का नियमित फॉलोअप, संस्थागत प्रसव एवं टीकाकरण बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की प्रगति का विकासखण्डवार आकलन किया गया। उन्होंने कहा कि जिले में पीएम आवास की प्रगति संतोषजनक है, लेकिन जिन विकासखण्डों में प्रगति कम है, वहां विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पहली किस्त के बाद कार्य पूर्ण करने एवं दूसरी किस्त जारी करने में हो रही देरी की समीक्षा कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कोरिया मॉडल आधारित वर्षा जल संचयन कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली गई। एनआरएलएम के अंतर्गत 'लखपति दीदी' योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यकयू दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। वहीं, स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ प्लस मॉडल के क्रियान्वयन एवं प्रगति का भी विस्तार से समीक्षा की गई। लीड बैंक की समीक्षा के दौरान जिले में नए बैंक शाखाओं के विस्तार एवं ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। ऋण प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए साइकिल वितरण, पीएम श्री स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए यातायात सुविधा तथा बच्चों के हेल्थ कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर श्री मिथलेश डोंडे, एसडीएम मानपुर श्री अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर श्री डीआर ध्रुव सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

### जिले में 1 मई को बम्हनी, खुटेरी, सलडीह एवं लंबर में होगा समाधान शिविर का आयोजन

**महासमुंद 30 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप आमजन को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत 01 मई से 05 जून 2026 तक जिले में कुल 41 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें महासमुंद विकासखंड में 10, बागबाहरा में 7, पिथौरा में 9, बसना में 7, सरायपाली में 7 तथा तुमगांव नगरीय निकाय में एक क्लस्टर शामिल है। शिविरों में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी ।

## धमतरी में स्थापित होगा 500 सीटर सैनिक स्कूल, प्रदेश के युवाओं को मिलेगा फायदा

**धमतरी, 30 अप्रैल।** धमतरी जिले के लिए गौरव का विषय है कि यहां 500 सीटों की क्षमता वाला सैनिक स्कूल स्थापित करने का प्रस्ताव राज्य स्तर से अनुमोदित होकर मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस को प्रेषित कर दिया गया है। यह प्रस्ताव स्वीकृति की दिशा में एक महत्वपूर्ण चरण पार कर चुका है और अब केंद्रीय स्तर पर आगे की प्रक्रिया जारी है। प्रस्तावित सैनिक स्कूल के स्थापित होने पर धमतरी जिला न केवल रायपुर संभाग बल्कि पूरे प्रदेश में एक प्रमुख शैक्षणिक केंद्र के रूप में उभरेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह सैनिक स्कूल रायपुर संभाग का सबसे बड़ा सैनिक स्कूल होगा, जो आधुनिक सुविधाओं एवं उच्च स्तरीय अधोसंरचना से सुसज्जित रहेगा। मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस द्वारा शीघ्र ही संभावित स्थल का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण उपरांत उपयुक्त स्थल का चयन कर आगे की औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ होने की संभावना है।

सैनिक स्कूल की स्थापना से धमतरी जिले सहित आसपास के जिलों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। यहां छात्रों को अनुशासित वातावरण में शैक्षणिक, शारीरिक एवं नेतृत्व क्षमता के समग्र विकास का अवसर मिलेगा। यह संस्थान विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा जो भारतीय सशस्त्र बलों में करियर बनाने की इच्छा रखते हैं। सैनिक स्कूलों के माध्यम से छात्रों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (ह्ष्ठ) एवं अन्य प्रतिष्ठित रक्षा संस्थानों में प्रवेश हेतु सुदृढ़ आधार मिलता है।

इस पहल से क्षेत्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित होंगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे, जिससे जिले के समग्र सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति मिलेगी। विद्यालय परिसर में अत्याधुनिक कक्षाएं, खेल सुविधाएं, छात्रावास, पुस्तकालय एवं प्रशिक्षण केंद्र विकसित किए जाएंगे, जो विद्यार्थियों को उत्कृष्ट वातावरण प्रदान करेंगे।

कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि धमतरी में 500 सीटर सैनिक स्कूल की स्थापना जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर से प्रस्ताव स्वीकृत होकर रक्षा मंत्रालय को प्रेषित किया जाना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। जिला प्रशासन इस परियोजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर रहा है, ताकि मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि यह संस्थान न केवल गुणवत्तापूर्ण एवं अनुशासित शिक्षा प्रदान करेगा, बल्कि युवाओं में राष्ट्र सेवा की भावना को भी सुदृढ़ करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सैनिक स्कूल की स्थापना से धमतरी जिला शिक्षा के क्षेत्र में एक नए केंद्र के रूप में उभरेगा और यहां के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्राप्त होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस परियोजना से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे और जिले के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। जिला प्रशासन सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर इस महत्वाकांक्षी परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला प्रशासन द्वारा इस परियोजना को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

## सगी बहनों ने किया कमाल

### दिया ने 12 वीं में 85.2% तथा माया ने 9वीं में 88.6% अंक प्राप्त कर बढ़ाया नगर का गौरव

**रायपुर, 30 अप्रैल।** तरुण छत्तीसगढ़ के सर्कुलेशन इंचार्ज कोमल साहू की बड़ी सुपुत्री दिया साहू ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, मित्रों एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।वहीं, उनकी छोटी बहन माया साहू ने भी 9वीं कक्षा में 88.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। दोनों बहनें मायाराम सुरजन विद्यालय, चौबे कॉलोनी की छात्राएं हैं और पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन एवं मेहनत के लिए जानी जाती हैं।दिया और माया की इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं परिजनों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। परिवारजनों ने बताया कि दोनों बेटियों ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।



दिया साहू



माया साहू

## एक नजर

### पद्म पुरस्कारों के लिये नामांकन की प्रक्रिया शुरू,व्यक्तिगत रूप से नामांकन केवल ऑनलाइन

**बलौदाबाजार, 30 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस वर्ष 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों' (पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री) के लिए नामांकन की प्रक्रिया 15 मार्च, 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने समाज सेवा, कला, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के प्रतिभाओं को नामांकन के लिये चिंहांकित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं। पद्म पुरस्कार के लिये व्यक्तिगत रूप से भेजे जाने वाले नामांकन ऑनलाईन के माध्यम से भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल http://awards.gov.in पर ही स्वीकार किए जाएंगे।जिला कलेक्टर के माध्यम से अनुशंसा सहित योग्य पात्र व्यक्तियों के स्पष्ट नामांकन प्रस्ताव भारत सरकार के संलग्न पत्र में दिए गये निर्देशानुसार दिनांक 15 जुलाई, 2026 तक संलग्न प्रपत्र में अनुशंसा सहित सामान्य प्रशासन विभाग को प्रेषित करना है।

### कार्य में लापरवाही बरतने पर तहसील कार्यालय का वाचक निलंबित

**बलौदाबाजार, 30 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बिना सक्षम स्वीकृति के अनुपस्थिति, मर्यादाहीन आचरण एवं शासकीय कार्यों में घोर लापरवाही बरतने के फ्लस्वरू तहसील कार्यालय का वाचक को निलंबत कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नायब तहसील कार्यालय निपानिया में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 (वाचक)महेन्द्र साहू, सहायक ग्रेड-02 (वाचक) द्वारा 12.मार्च 2026 को बिना सक्षम स्वीकृति के अनुपस्थिति, मर्यादाहीन आचरण एवं शासकीय कार्यों में घोर लापरवाही बरतने के फ्लस्वरूप न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।संबंधित कर्मचारी द्वारा उक्त नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने के फ्लस्वरूप अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा एवं नायब तहसीलदार निपनिया तहसील भाटापारा के प्रतिवेदन के आधार पर छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 के तहत अपर कलेक्टर द्वारा महेन्द्र कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच संस्थित किया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री साहु का मुख्यालय जिला कार्यालय बलौदाबाजार नियत करते हुए निलंबन अवधि में मूलभूत नियम 53 के अंतर्गत नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

### मांगलिक भवन, दुकानों के निर्माण एवं मुक्तिधाम उन्नयन के लिए 1 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर. 30 अप्रैल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कबीरधाम जिले के इंदौरी नगर पंचायत में तीन कार्यों के लिए एक करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इनमें इंदौरी में मांगलिक भवन और दुकानों के निर्माण तथा मुक्तिधाम का उन्नयन कार्य शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इनकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विकास ने इंदौरी नगर पंचायत में दुकानों तथा मांगलिक भवन के निर्माण के लिए 45-45 लाख रुपए मंजूर किए हैं। विभाग ने मुक्तिधाम के उन्नयन के लिए दस लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने तीनों कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग टूर्नामेंट में ज्ञानेश्वरी यादव को गोल्ड मेडल

**रायपुर, 30 अप्रैल।** अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग टूर्नामेंट आईबीएफ्सी यूनिवर्सल कप-2026 में ज्ञानेश्वरी यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 53 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। समोआ के एपिया स्थित तुआनाईमाटो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 25 अप्रैल से 2 मई तक अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 70 देशों के लगभग 500 खिलाड़ी एवं 200 अधिकारी शामिल हो रहे है। ज्ञानेश्वरी ने शानदार प्रदर्शन के साथ अपने ग्रुप में प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। यह कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 के लिए क्वालीफिकेशन के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। ज्ञानेश्वरी इससे पहले जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल और सीनियर कॉमनवेल्थ में गोल्ड मेडल जीत चुकी है। गौरवशाली और प्रदेश का नाम रोशन करने वाली उपलब्धियों के लिए राज्य शासन द्वारा उन्हें गुण्डाधुर पुरस्कार प्रदान किया गया है। ज्ञानेश्वरी अभी छत्तीसगढ़ पुलिस में राजनांदगांव में कार्यरत है। अपने कोच श्री अजय लोहार विश्वकर्मा के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन से ज्ञानेश्वरी इस मुकाम तक पहुंची है।

# दुगली कन्या परिसर की बेटियों ने दिल्ली नेशनल स्कूल गेम्स में लहराया परचम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी/दुगली 30 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ की बेटियाँ खेलों के क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। इसी क्रम में कन्या परिसर दुगली की चार छात्राओं ने दिल्ली में आयोजित 'स्कूल नेशनल गेम्स 2025-26' के अंतर्गत स्क्वैश (अंडर 14 बालिका वर्ग) में छत्तीसगढ़ राज्य का गौरव बढ़ाया है।



यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 अप्रैल 2026 से 22 अप्रैल 2026 तक दिल्ली के प्रसिद्ध त्यागराज स्टेडियम में आयोजित की गई थी। दुगली की ये होनहार बालिकाएँ 14 अप्रैल को रायपुर से ट्रेन द्वारा दिल्ली के लिए रवाना हुई थीं और प्रतियोगिता के समापन के पश्चात 24 अप्रैल को सकुशल वापस लौट आई हैं। छात्राओं का मुख्य मुकाबला दिल्ली के आर.के. पुरम स्थित डी.पी.एस (छ्क्क) में हुआ।

छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली इन होनहार छात्राओं में 1. कु. मंजू (पिताः श्री महेश कुमार) 2. कु. कामिनी ध्रुव (पिताः श्री किरनू राम) 3. कु. भूमिका कट्टी जुर्री (पिताः श्री सम्पत राम) 4. कु. मितेश्वरी नेताम (पिताः श्री पवन कुमार)

#### विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल

छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर कन्या परिसर दुगली में खुशी का माहौल है। संस्था प्रमुख सुश्री शांति पटेल(माध्यमिक प्रधान पाठक) और ओ.पी. वर्मा सर (प्राथमिक प्रधान पाठक) सहित समस्त स्टाफ ने बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

शाला समिति के अध्यक्ष श्री आशा राम ओटी,चन्द्रभान यादव श्री भरतमलिया सर एवं समिति के अन्य सदस्यों ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी। व्यायाम शिक्षिका गोपिका बारीक ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि इन छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाकर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक आयोजित

# जनजातीय उत्थान पर बड़ा फोकस: नक्सलमुक्त क्षेत्रों में तेज़ होगा विकास,'नियद नेल्लानार 2.0' जल्द

**रायपुर, 30 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय, महानदी भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक में जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास को लेकर व्यापक चर्चा की गई और अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर, जो भौगोलिक रूप से केरल से भी बड़ा क्षेत्र है, दशकों तक विकास से वंचित रहा, लेकिन अब वहां योजनाओं का तीव्र विस्तार हो रहा है और विकास की नई धारा स्थापित हो रही है।




मुख्यमंत्री ने जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देवगुड़ी और सरना स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध अतिक्रमण को रोकने के लिए प्रभावी और कड़े कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के माध्यम से प्रदेश के 6600 गांवों में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ की जा रही हैं, जबकि पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 32 हजार आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं।

बैठक में नियद नेल्ला नार योजना की उल्लेखनीय सफ्लता पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने इसके अगले चरण के रूप में नियद नेल्ला नार 2.0 को शीघ्र लागू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस उन्नत पहल के माध्यम से सुदूर अंचलों में बिजली, पानी, सड़क और राशन जैसी मूलभूत सुविधाओं का और अधिक विस्तार किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर योजना के तहत 36 लाख लोगों की स्वास्थ्य जांच का कार्य निरंतर प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जनजातीय भूमि के दीर्घकालीन लीज पर दोहन के मामलों की जांच के निर्देश दिए। साथ ही कोरवा और संसारी उरांव जातियों को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल किए जाने के प्रस्ताव को शीघ्र केंद्र सरकार को प्रेषित करने के निर्देश भी दिए।

शिक्षा और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री साय ने छात्रावासों की सीट वृद्धि, उनके बेहतर रखरखाव तथा शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने नक्सल मुक्त क्षेत्रों में बच्चों के लिए त्वरित शिक्षण व्यवस्था विकसित करने और खुले में कक्षाएं संचालित न करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

अम्बिकापुर नेशनल हाईवे के निर्माण में हो रही धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही बरसात के दौरान कटने वाले मार्गों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।

आदिम जाति विकास विभाग के मंत्री एवं परिषद के उपाध्यक्ष रामविचार नेताम ने कहा कि बस्तर, सरगुजा सहित प्रदेश के दूरस्थ जनजातीय अंचलों में लंबे समय तक नक्सलवाद विकास की सबसे बड़ी बाधा बना रहा। बीते चार दशकों की इस चुनौती से मुक्ति मिलने के बाद अब इन क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी एवं तेज क्रियान्वयन संभव हो सका है, जिसका सीधा लाभ स्थानीय लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि अब जनजातीय समुदाय तेजी से विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है और उन्हें आगे बढ़ने के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

श्री नेताम ने यह भी बताया कि नक्सलवाद के खात्मे के बाद योजनाओं का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हुआ है। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए स्वीकृत योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से संवेदनशील मुद्दों का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने पर विशेष बल दिया।

# तुलसी साहित्य अकादमी की जिला इकाई गठित, साहित्यिक सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी तेज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 30 अप्रैल।** जिले में साहित्यिक - सांस्कृतिक चेतना को और गति प्रदान करने और समान विचारधारा वाले साहित्यसेवियों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से तुलसी साहित्य अकादमी की राजनांदगांव जिला इकाई का गठन किया गया है ।

तुलसी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मोहन तिवारी आनंद (भोपाल) की अनुशंसा और अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष संजीव ठाकुर (रायपुर) के मार्गदर्शन में गठित अकादमी की राजनांदगांव जिला इकाई के संरक्षक मंडल में हिंदी के विद्वान प्राध्यापक डॉ. शंकर मुनि राय( दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव), छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण से विभूषित राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त शायर अब्दुस्सलाम कौसर (राजनांदगांव), हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी के वरिष्ठ साहित्यकार शत्रुघ्न सिंह राजपूत (राजनांदगांव) और वरिष्ठ साहित्यकार तथा अनुवादक कुबेर साहू (भोड़िया) को शामिल किया गया है । वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं समीक्षक वीरेन्द्र बहादुर सिंह को अकादमी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । उपाध्यक्ष द्वय जितेंद्र मिश्रा (कवि - कहानीकार एवं पत्रकार) एवं डॉ. सूर्यकांत मिश्रा (वरिष्ठ लेखक) होंगे । सचिव नई कविता के सशक्त हस्ताक्षर मुन्ना बाबू को बनाया गया है जबकि प्रोफेसर, साहित्यकार एवं इतिहासकार डॉ. चंद्रशेखर शर्मा सहसचिव होंगे । कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी शोधार्थी डॉ. हरिशंकर झारराय को दी गई है जबकि वरिष्ठ गीतकार अनुराग सक्सेना और ओमप्रकाश साहू (सुरगी) संगठन सचिव का दायित्व संभालेंगे ।कार्यकारिणी सदस्य के रूप में वरिष्ठ कवि पद्मलोचन शर्मा (राजनांदगांव), व्यंग्यकार गिरीश ठक्कर (राजनांदगांव), वरिष्ठ कवि गजेंद्र हरिहारनो (डोंगरगांव), रचनाकार प्रकाश साहू वेद (जंगलपुर), वरिष्ठ कवि वीरेंद्र तिवारी (अर्जुनी), कवि एवं मंच संचालक लखनलाल साहू (मोखला), कवि महेंद्र कुमार बघेल (डोंगरगांव),रचनाकार थनवार निषाद (ढोड़िया), कवि रोशनलाल साहू (राजनांदगांव), शेर सिंह गोड़िया (छुरिया), ग्वाला प्रसाद यादव (जोशी लमती) और राजकुमार चौधरी (टेडेसरा) को शामिल किया गया है । अकादमी के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि अकादमी के निर्देश के अनुसार जिले में साहित्यिक - सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित की जाएगी तथा जिले में रचनात्मक रूप से सक्रिय रचनाकारों को अकादमी से जोड़ा जाएगा ।

# भूपेश बघेल की सक्रियता ही उनकी लोकप्रियता है,इसी लोकप्रियता से भाजपा सरकार घबराती है: सुशील शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 30 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने विगत दिनों सोशल मीडिया में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विरुद्ध ए आई जनरेटेड वाइलर वीडियो को भाजपा सरकार की घृणित साज़िश करार देते हुये कहा की पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बड़ती लोकप्रियता और भाजपा सरकार की ग़लत नीतियों के ख़िलाफ़ उनके द्वारा जनहित में उठाये गये मुद्दों से घबराकर भूपेश बघेल की छवि को ख़राब करने का प्रयास किया जा रहा है,भूपेश बघेल के द्वारा लगातार केंद्र और राज्य सरकार के ख़िलाफ़ मुखर होकर जनता के साथ मिलकर सड़क की लड़ाई लड़ी जा रही है और सरकार की ग़लत नीतियों से होने वाले नुक़सान की पूरी जानकारी देकर सत्तासीनों के मठाधीशों द्वारा किये जा रहे घोटालों को उजागर भी किया जा रहा है,भूपेश बघेल की आक्रामक छवि के चलते जनता जनार्दन उन्हें देखने और सुनने भारी तादात में आने लगे है इसी भूपेश बघेल को बदनाम करने ए आई जनरेटेड वीडियो वाइलर किया है,जिसकी हम निंदा करते है,सरकार तत्काल संज्ञान में लेकर ए आई के दुरुपयोग करने वालो के खिलाफ कठोर कार्यवाही करे अन्यथा अन्याय के प्रतिकार को सहने के लिये तैयार रहे।



सुशील शर्मा ने कहा की सर्वविदित है भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस शासन काल के समय छत्तीसगढ़ की जनता जनार्दन के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई थी और पूरे पाँच वर्षों तक राज्य के सभी वर्गों के लोगो को ध्यान में रखकर कार्य किया गया था, सन् 2023 के विधान सभा चुनाव में भाजपा झूठे वादों का प्रलोभन देकर सत्ता में आई है लेकिन अपने द्वारा जनता से किये वादों को पूरा तक नहीं करवा पा रही है अपनी ढपली अपना राग की कहावत को चरितार्थ करते भाजपा सरकार चलती का नाम गाड़ी की तरह रो-धोकर सरकार चला रही है।आज प्रदेश में मंहगाई चरम सीमा पर विद्यमान होती जा रही है अब प्रदेश में घरेलू बिजली,घरेलू गैस सिलेंडर,डीजल और पेट्रोल की कीमत लगातार बड़ती ही जा रही है। पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ख़िलाफ़ ए आई जनरेटेड वीडियो सोशल मीडिया में वाइलर किया गया है येसे तत्वों के ख़िलाफ़ तत्काल कठोर कार्यवाही होनी चाहिये,अन्यथा जनता जनार्दन अपने नेता भूपेश बघेल के समर्थन में सड़क की लड़ाई लड़ने को तैयार रहेगी और विरोधियों के हर ग़लत आरोप का मुँहतोड़ जवाब समय आने पर अवश्य देगी।

# राज्यपाल डेका महाविद्यालय की छात्राओं से हुए रूबरू



**रायपुर, 30 अप्रैल।** राज्यपाल श्री रमेन डेका आज यहां लोकभवन में संत गोविंद राम शदाणी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय देवेंद्र नगर रायपुर की छात्राओं से रूबरू हुए। उन्होंने शैक्षणिक विषयों पर चर्चा कर मार्गदर्शन दिया और उनके प्रश्नों का उचित समाधान किया। लोकभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में आयोजित कार्यक्रम में श्री डेका ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के लिए अनुशासन सबसे जरूरी है। उसके बिना सफ्लता नहीं मिलती है। जीवन को पूर्ण करने के लिए योजना पूर्वक कार्य करना चाहिए। अच्छी योजना से जीवन भी अच्छा होगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम भी करना होगा। मानवीय गुणों का होना भी आवश्यक है और शिक्षा से ही इन गुणों का विकास होता है। श्री डेका ने कहा कि अपनी खुशी अपने अंदर होती है। दूसरों से तुलना कर दुखी ना रहे बल्कि जो अपने पास उपलब्ध है उससे संतुष्ट रहिए।

श्री डेका ने कहा कि हमारी संस्कृति में महिलाओं का सर्वोच्च स्थान है। उन्होंने नारी की तुलना पानी से करते हुए कहा कि पानी के बिना जीवन असंभव है, उसी तरह नारी के बिना सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती। चर्चा के दौरान छात्राओं ने राज्यपाल से तनाव को सकारात्मक ऊर्जा में कैसे बदलें, सोशल मीडिया से दूरी बनाने के लिए क्या प्रयास करना चाहिए, कौशल एवं प्रशिक्षण का महत्व, देश व प्रदेश के विकास में किस तरह योगदान दे सकते हैं। विद्यार्थियों ने नारी सशक्तिकरण, उनके स्कूल एवं कॉलेज के जीवन की कोई प्रेरक घटना और छत्तीसगढ़ में उनकों सर्वाधिक क्या पसंद आया जैसे रोचक प्रश्न पूछे गए।

### सीजीपीएससी एवं व्यापम प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग

**बलौदाबाजार,30 अप्रैल।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज न्यास के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारियों के लिए नवप्रेरणा निःशुल्क कोचिंग सेंटर का संचालन किया जा रहा है। इसमें नवीन बैच की कक्षाएं मई माह की प्रथम सप्ताह से प्रारंभ की जाएगी एवं इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से 30 अप्रैल से 6 मई तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन मंगाए गये है। निःशुल्क कोचिंग में अध्ययन के लिए नयूनतम योग्यता किसी भी विषय में स्नातक होना अनिवार्य है। एवं शिक्षक भर्ती हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता रखने वाले कोचिंग में अध्ययन का लाभ ले सकते है। कोचिंग के लिए 60 सीट निर्धारित है विद्यार्थियों का चयन पहले आओ,पहले पाओ के आधार पर होगा। कोचिंग में अध्ययन के लिए आवेदन फार्म सीधे जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार के बगल में स्थित आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के कान्फ्रेंश कक्ष क्र.10 (प्रथम तल)में प्रातः 10 बजे से 4 बजे जमा कर सकते है। कोचिंग से संबंधित अधिक जानकारी के लिए हेतु राजेन्द्र कुमार मानिकपुरी मो.9039267277,सतेन्द्र कुमार बांधे-9009355009, प्रभात कुमार वर्मा 7773096658, हितेश कुमार वर्मा-7879050654 से सम्पर्क किया जा सकता है।

# कलेक्टर ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान और दी हार्दिक शुभकामनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 30 अप्रैल।** जिले में इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों ने शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धि मिली है। जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, शिक्षकों एवं अभिभावकों के समन्वित प्रयासों से परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से जिला गौरवान्वित हुआ है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत,



शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह दिन विद्यार्थियों एवं उनके परिवारों के लिए गर्व का क्षण है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 89.41 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 21 प्रतिशत अधिक है। वहीं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 87.56 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कक्षा 10वीं में पिछले वर्ष 3908 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए थे, जो इस वर्ष बढ़कर 5614 हो गए हैं। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या 3842 से बढ़कर 4888 हो गई है। तृतीय श्रेणी के विद्यार्थियों की संख्या में कमी आना शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का संकेत है। कलेक्टर ने कहा कि इस सफ्लता के पीछे कई नवाचारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिले में ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन, आवासीय कोचिंग, मेंटरशिप कार्यक्रम, नियमित मूल्यांकन प्रणाली, साप्ताहिक एवं मासिक परीक्षाएं तथा अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। साथ ही विनोबा एप के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति की सतत निगरानी की गई तथा कैरियर काउंसलिंग पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने बताया कि जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति विद्यार्थियों की रुचि भी बढ़ी है। इस वर्ष नीट एवं जेईई के लिए पंजीयन में वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत लगभग 4 हजार विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है, जो पूर्व वर्षों की तुलना में एक बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल, डिप्टी कलेक्टर श्री विश्वास कुमार सहित शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, धमतरी (छ.ग.)**

Email ID- eedha-phe-cg@nic.in    Telephone Number-07722-238719

निविदा सूचना क्रमांक-01/व.ले.लि./का.अ./ लो.स्वा.यां. खण्ड/2026-27/    धमतरी दिनांक-28/04/2026

**//ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना//**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र-'ए' एक मुश्त अनुबंध पर निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा सिस्टम क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 189900 | धमतरी जिले के विकासखण्ड कुरूद में सिर्री समूह जल प्रदाया योजना (Multi Village Scheme) में सम्मिलित 84 ग्रामों की सर्वेक्षण एवं डी.पी.आर. कार्य। | 49.98 | 12.05.2026 सायं 5:30 बजे तक |

**नोटः-** उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा, दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstste.gov.in) से डाउनलोड की जा सकती है, तथा दिनांक - 30.04.2026 से देखा जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**धमतरी (छ.ग.)**

**जी-262700440/5**

# नितिन नबीन की टीम का ऐलान विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद

**रायपुर, 30 अप्रैल।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन इससे पहले छत्तीसगढ़ के प्रभारी रहे हैं। इस कारण छत्तीसगढ़ से लिए जाने वालों नामों में ज्यादा रुचि ली जा रही है। प्रदेश प्रभारी होने के नाते नितिन के छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नेताओं से अच्छे संबंध बन चुके हैं। लिहाजा, छत्तीसगढ़ से दावेदारी भी स्वाभाविक रूप से बढ़ गई है। अभी पूर्व अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यकाल में बने पदाधिकारी ही काम कर रहे हैं। राज्यों में विधानसभा चुनावों को देखते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा रोक दी गई थी, अब इसकी सुगबुगाहट फिर से शुरू हो गई है।

छत्तीसगढ़ में पार्टी के गलियारे में यह चर्चा तेज है कि महिला आरक्षण के मुद्दे को देखते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। छत्तीसगढ़ से सरोज पांडेय, लता उसेंडी उपाध्यक्ष के रूप में हैं, इन्हें दोहराया जा सकता है। जबकि विधायक भावना बेहरा और राज्यसभा गई लक्ष्मी वर्मा के नामों की भी चर्चा है। दूसरी ओर युवा बिग्रेड और नए चेहरों को भी लाने की कवायद की जा रही है। जिनकी दावेदारी मजबूत है उनमें बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और अकलतरा से चुनाव हार चुके सौरभ सिंह राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिए रेस में हैं। सुशांत और सौरभ, दोनों की संगठन में अच्छी पकड़ है। साथ ही आरएसएस की ओर से इन्हें काफी समर्थन मिलता रहा है। राज्यसभा की एक सीट के लिए चुनाव के वक्त भी चर्चा थी कि सौरभ इच्छुक हैं, मगर उन्हें सफलता हाथ नहीं लग सकी थी। इनके अलावा अनुराग सिंहदेव का भी नाम लिया जा रहा है। दूसरी ओर पार्टी सूत्रों का यह भी कहना है कि शीर्ष नेतृत्व और राज्य संगठन से राय लेकर ही नामों पर मुहर लगाई जाएगी। इसीलिए अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। यह भी कहा जा रहा है कि चूंकि नितिन नबीन खुद छत्तीसगढ़ में रहे हैं, इस कारण उन्हें यहां से कुछ नाम लेने का अधिकार दिया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो ये दोनों नाम कार्यकारिणी में देखे जा सकते हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि नई कार्यकारिणी में छत्तीसगढ़ के पुराने नाम एक बार फिर से देखे जा सकते हैं। हो सकता है, इनका पदनाम बदल जाए। अभी सरोज पांडेय और लता उसेंडी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। पार्टी नेताओं का मानना है कि इन्हें दोहराए जाने की पूरी उम्मीद है।



### इनकी भी दावेदारी

राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अभी अजय चंद्राकर, धरमलाल कौशिक और नारायण चंदेल का नाम शामिल है। पार्टी सूत्रों का दावा है कि रायपुर संभाग से शिवरतन शर्मा को सूची में स्थान दिया जा सकता है। काफी वरिष्ठ विधायक रहे शिवरतन शर्मा कभी मंत्री नहीं बन सके, लेकिन उनकी राजनीतिक साख अब भी मजबूत है। पुरानी सूची में से अजय चंद्राकर और नारायण चंदेल के नामों पर मामला 50-50 प्रतिशत पर अटक रहा है। अजय और नारायण में से किसी एक को कार्यकारिणी से हटा कर दूसरी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

## एक नजर

### एमेजॉन का फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम

**रायपुर, 30 अप्रैल।** आज एमेज़ॉन ने भारत में अपने एमेज़ॉन फ्यूचर इंजीनियर (ए.एफई) प्रोग्राम के अंतर्गत साल 2026 के लिए 500 नई स्कॉलरशिप्स की घोषणा की, जिनका उपयोग कम आय वाले परिवारों की इंजीनियरिंग छात्राओं को वित्तीय मदद, मेंटरशिप और टेक्नोलॉजी में करियर के अवसर उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा। एमेज़ॉन फ्यूचर इंजीनियर (ए.एफई) एमेज़ॉन का ग्लोबल कंप्यूटर साईंस एजुकेशन प्रोग्राम है, जो टेक्नोलॉजी की शिक्षा व करियर के अवसर प्रदान करने के लिए शुरू किया गया है। इन नई स्कॉलरशिप्स के साथ इस प्रोग्राम का लाभ कुल 2, 000 स्कॉलर्स को मिलने लगा है। ए.एफई स्कॉलरशिप द्वारा कंप्यूटर साईंस या उससे जुड़ी शाखाओं में बी.ई या बी.टेक कर रही कम आय वर्ग वाले परिवारों की छात्राओं को 2 लाख रुपये का वित्तीय सहयोग दिया जाता है। इस वित्तीय सहयोग के अलावा, स्कॉलर्स को लैपटॉप, बूटकैंप्स द्वारा टेक्निकल ट्रेनिंग, एमेज़ॉन वीमेन ऑफद वर्ल्ड (डब्लू.ओ.डब्लू) के वेबिनार, एमेज़ॉन इंजीनियरों द्वारा वन-टू-वन मेंटरिंग, और सैकंड ईयर पूरा होने के बाद एमेज़ॉन में आठ हफ्ते की पेड इंटर्नशिप भी प्राप्त होती है।

### परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को कल्पना ने दी बधाई

**रायपुर, 30 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा



परिणाम में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है, जो उनके उवल भविष्य की मजबूत नींव रखता है। अपने संदेश में कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राएं निरंतर इसी प्रकार मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ते रहें तथा अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी केवल अपने परिवार ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की आशा एवं भविष्य हैं। उनकी लगन, धैर्य और कठिन परिश्रम ही उन्हें सफलता के इस मुकाम तक लेकर आया है, जो सराहनीय और प्रेरणादायक है।

### गोल्ड एवार्ड से नवाजे गए मानस कोचर




**रायपुर, 30 अप्रैल।** रायपुर के हयात होटल में अंतरराष्ट्रीय ट्रेवल्स कम्पनी ट्रैव क्लेन द्वारा एवार्ड व प्रमोशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की सौ से ज्यादा ट्रेवल्स एजेंसियों ने भाग लिया। मीट में मॉरीशस मालदीव जैसे मशहूर ट्रेवल डेस्टिनेशन के विभिन्न रिसॉर्ट व क्रूज़ के प्रबंधकों ने प्रमोशन हेतु भाग लिया। कंपनी ने अपने छत्तीसगढ़ सहित रायपुर के टॉप ट्रैवल एजेंट्स की कॉन्फ्रेंस रखी थी। अवॉर्ड कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 4 ट्रैवल एजेंट्स को 2 सिल्वर व 2 गोल्डन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सदर बाजार रायपुर के प्रतिष्ठित नवकार कम्युनिकेशन प्रोपराइटर मानस कोचर को सर्वश्रेष्ठ लिगेसी सर्किल गोल्डन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मानस कोचर विगत 15 वर्षों से रायपुर के प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्र सदर बाजार में ट्रेवल्स के व्यवसाय में संलग्न हैं। ट्रेवल्स में रेल्वे व एयर टिकट के अलावा देश विदेश में प्रमुख डेस्टिनेशन के टूर पैकेज पर कार्य किया जाता है।

# अवैध खनन की अब ड्रोन से होगी निगरानी

## एआई और नाइट विजन तकनीक से रुकेगी राजस्व की हानि

**रायपुर, 30 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर लगाम कसने के लिए तकनीक और नवाचार का सहारा लेते हुए एक बड़ी और निर्णायक पहल की है। इसी कड़ी में अब खनन क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी की शुरुआत कर दी गई है, जो राज्य में कानून व्यवस्था, खनिज संसाधन की सुरक्षा तथा राजस्व संरक्षण की दिशा में अहम कदम साबित हो रहा है।

राज्य सरकार की स्पष्ट मंशा है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को जड़ से खत्म किया जाए। आधुनिक तकनीकों के उपयोग से अब खनन क्षेत्रों में रियल टाइम निगरानी संभव हो सकेगी, जिससे अवैध उत्खनन, परिवहन और संबंधित गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी। यह कदम न केवल राजस्व हानि को रोकेगा, बल्कि अवैध कारोबार में लिप्त तत्वों के लिए कड़ा संदेश भी साबित होगा। खनिज विभाग का मैदानी अमला पहले से ही अवैध खनन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर रहा था, लेकिन अब ड्रोन तकनीक के जुड़ने से इस कार्रवाई की गति और सटीकता दोनों बढ़ेंगी। ड्रोन से लगभग 5 किलोमीटर तक की रेंज और 120 मीटर तक ऊंचाई से निगरानी की क्षमता के चलते बड़े और दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। ड्रोन के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत पहचान कर मौके पर कार्रवाई की जा सकेगी, जिससे अवैध गतिविधियों में संलिप्तों के बच निकलने की संभावना लगभग समाप्त हो जाएगी।




### बढ़ेगी छापामार कार्रवाई

इसी कड़ी में 29 अप्रैल 2026 को जिला कांकेर के तहकापार रेत खदान क्षेत्र में ड्रोन तकनीक का उपयोग करते हुए सघन निगरानी और छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान अवैध उत्खनन और परिवहन में संलिप्त वाहनों एवं उपकरणों की पहचान की गई। ड्रोन निगरानी शुरू होते ही अवैध गतिविधियों में शामिल लोग अपने वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। इसके बाद केंद्रीय उड़नदस्ता दल और कलेक्टर (खनिज शाखा) के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए महानदी के किनारे भूईगांव की सीमा पर विशेष अभियान चलाकर एक चेन माउंटेन पोकलेन मशीन जेसीबी (215 एलसी) तथा एक हाईवा जब्त किया गया।

खनिज विभाग के अधिकारियों के अनुसार, ड्रोन में उच्च-रिज़ॉल्यूशन कैमरा, नाइट विजन और एआई आधारित विश्लेषण प्रणाली जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं, जो व्यापक और सटीक निगरानी सुनिश्चित करती हैं। इसके जरिए बड़े और दुर्गम खनन क्षेत्रों पर भी आसानी से नजर रखी जा सकती है। यह पहल स्पष्ट संकेत देती है कि राज्य सरकार अवैध खनन के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रही है। सरकार का यह साहसिक निर्णय न केवल कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित करेगा, बल्कि खनिज संसाधनों के संरक्षण और पारदर्शी राजस्व व्यवस्था को भी मजबूत करेगा। ड्रोन निगरानी की यह नई व्यवस्था राज्य में सुशासन और तकनीकी नवाचार का मजबूत उदाहरण बनकर उभर रही है।

# तेज रफ्तार कार दुकान में घुसी, नाबालिग की मौत



**रायपुर, 30 अप्रैल।** अभनपुर से फिर एक बार एक्सीडेंट का मामला सामने आया है। जहां गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र के गंज रोड पर एक तेज रफ़्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित दुकान में जा घुसी। जिससे इस दर्दनाक हादसे में कार में सवार एक नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक कार तेज गति से आ रही थी, और अचानक चालक नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद वाहन सीधे दुकान में घुस गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का सामने का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें हादसे की भयावहता साफ देखी जा सकती है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की तैयारी करने निर्देश

**रायपुर, 30 अप्रैल।** आयुक्त विश्वदीप ने स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2026 की रायपुर नगर निगम क्षेत्र में प्रशासनिक तैयारियों के सम्बन्ध में आवश्यक बैठक लेकर सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों और स्वच्छता निरीक्षकों सहित समस्त सफाई ठेकेदारों को राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था सुधारने के सम्बन्ध में सख्त निर्देश दिए. आयुक्त ने निर्देश दिए कि अगले 15 दिन प्रतिदिन सफाई अमला फील्ड पर उतरकर तालाबों, उद्यानों, नालियों की सतत मॉनिटरिंग करते हुए सफाई करवाए. आयुक्त ने कहा कि कहीं पर भी कूड़े का ढेर नहीं दिखना चाहिए. नालियों की सफाई करवाने के बाद 24 घण्टे के भीतर नाली से बाहर निकाला गया कचरा उठवाना आवश्यक रूप से सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारी स्वच्छता निरीक्षकों के साथ मिलकर सुनिश्चित करवाएं, ताकि नाली सफाई के बाद सड़क पर कचरा पड़ा ना दिखे.

# भाजपा सरकार का सुशासन त्यौहार सिर्फ ढकोसला : बैज

**रायपुर, 30 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार किस बात का सुशासन त्यौहार मनाने जा रही। प्रदेश मे सरकारी काम ठप्प पड़े है, अकेलो तहसीलो और अनुविभागों मे नामांकन बंटवारा फौती नक्शा, नक्शा खसरा बंटवारा के 8 लाख से अधिक प्रकरण पेंडिंग है। यदि सरकार मे सुशासन होता लोगो का काम नियमित हो रहा होता तो त्यौहार मानाने की जरूरत क्यों पड़ती। यह सुसाशन त्यौहार अपनी विफलता से ध्यान भटकाने का तरीका है। पिछले बार भी सुसाशन त्यौहार मनाये थे और जनता से जो लाखो आवेदन प्राप्त हुए उसको कचरे के ढेर मे फेक दिए। इस बार के सुशासन त्यौहार के पहले पिछले साल के आवेदनो के बारे मे जनता को बताये उनका अभी तक निराकरण क्यों नहीं हुआ।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार में युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही, आत्मानंद स्कूलों में स्टेशनरी तक नहीं, आरटीई में बच्चों को एडमिशन नहीं हो रहा, सरकारी अस्पतालों में इलाज नहीं हो रहा, राज्य की कानून व्यवस्था समाप्त हो गयी है। मासूम बच्ची के साथ दुराचार करके हत्या कर दी जाती है। राज्य में रोज हत्या, डकैती, बलत्कार हो रहा है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार में धान घोटाला हो जाता है। महिलाओं को घटिया साड़ी दी जाती है। आत्ममुग्ध सरकार सुशासन तिहार मना रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सुशासन का दंभ भरने वाली साय सरकार के राज में आम आदमी छोटे-छोटे काम के लिये सरकारी दफ्तरों का चक्कर काटने को मजबूर है। पटवारी कार्यालय से लेकर तहसील दफ्तरों में लोगो के नामांतरण, फौत, त्रुटि सुधार के लाखो आवेदन लंबित है, लोगों के काम नहीं हो रहे, आम आदमी सरकारी दफ्तर के चक्कर काटने को मजबूर है। बेहद दुर्भाग्यजनक है कि लाखों लोगों को सरकार के पास सड़क, नाली, बिजली, पानी जैसे रोजमर्रा के कामो के लिये आवेदन देने सरकार के सुशासन तिहार का इंतजार करना पड़ता है। साय सरकार लोगो के मूलभूत काम को भी नहीं कर पा रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में सारी व्यवस्थाएं चरमरा गई है। अब तक 135 लाख करोड़ का कर्ज लिया जा चुका है। बिजली कटौती, पेयजल की समस्या, शिक्षकों की कमी, युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, व्यापारी अनियमित जीएसटी से परेशान है। प्रदेश में मात्र 33 प्रतिशत स्टील उद्योग चल रहे हैं बांकी महंगी बिजली एवं प्रशासनिक अराजकता के चलते बंद हो गए है। अनियमित कर्मचारी, दिव्यांगजन वादाखिलाफी से त्रस्त है।

## PICTURE-स्टोरी



**रायपुर, 30 अप्रैल।** राजीव गांधी चौक पर महिला कांग्रेस ने ओबीसी महिलाओं को आरक्षण देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

# हाइवे में हेलमेट अनिवार्य करने के लिए सीएम को धन्यवाद

**रायपुर, 30 अप्रैल।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, उपाध्यक्ष बलराम आहूजा एवं भावेश पिथालिया, महामंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को एक महान नेता बताते हुए हाइवे में हेलमेट अनिवार्य करने के लिए कोटि कोटि धन्यवाद दिया है। रमेश आहूजा ने कहा कि नहरपारा विकास समिति केवल जनता के हित के ही कार्य करती है। 2023 से 2025 तक हेलमेट



नहीं लगाने के कारण लगभग बीस हजार लोगों की अकाल मृत्यु हो चुकी है इस निर्णय से अब आने वाले समय में हेलमेट अनिवार्य करने के कारण मृत्यु के आंकड़ो में 90 प्रतिशत तक की कमी आयेगी। इसके साथ ही आहूजा ने धमतरी में सैनिक स्कूल खोलने हेतु रक्षा मंत्रालय को प्रस्ताव भेजने का भी स्वागत किया है। घरो तक गैस पाईप लाईन लगाने के निर्णय का भी स्वागत किया गया है तथा बहुप्रतीक्षित तीन पूर्व आईपीएस अधिकारियों संजय पिल्ले, मुकेश गुप्ता एवं आर. के. विज को पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दुर्भावनावश की गई पदावनति आदेश रद्द करने को एक ईमानदारी पूर्ण निर्णय बताया है।

**नागरिकों को सौगात** | **19 स्थानों पर नवीन सीसी रोड, नाली, पुलिया निर्माण सहित विविध निर्माण कार्यों का श्रीगणेश**

# दो वार्डों में नये विकास कार्यों का भूमिपूजन



**रायपुर, 30 अप्रैल।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नगर निगम जोन कमांक 6 अंतर्गत मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्रमांक 59 के विभिन्न 19 स्थानों पर नवीन सीसी रोड, नाली, पुलिया निर्माण सहित विविध विकास कार्यों को एक करोड़ 8 लाख रूपये से अधिक की स्वीकृत लागत में शीघ्र करने हेतु और शहीद पंकज विक्रम वार्ड क्रमांक 58 में वार्ड में पहुंचकर 4 विभिन्न स्थानो पर नई सीसी रोड, नाली, पुलिया आदि के लगभग 41 लाख के नये विकास कार्यों का भूमिपूजन करते हुए रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे सहित पहुंचकर दो वार्डो में लगभग एक करोड़ 50 लाख रूपये के नए विकास कार्यों के भूमिपूजन की नागरिको को शानदार सौगात दी।

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने ने महापौर मीनल चौबे सहित रायपुर नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के साथ मिलकर रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 6 अंतर्गत मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड 59 क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न 19 स्थानों पर नई सीसी रोड, नाली, पुलिया एवं अन्य विविध नए विकास कार्यों का लगभग एक करोड़ 8 लाख रूपये की लागत से श्रीफल फोडकर एवं कुदाल चलाकर कार्यारंभ करते हुए भूमिपूजन करवाकर शानदार सौगात दी।

रायपुर दक्षिण विधानसभा अंतर्गत नगर निगम जोन 6 अंतर्गत शहीद पंकज विक्रम वार्ड क्रमांक 58 क्षेत्र अंतर्गत लगभग 41 लाख रू.के नई सीसी रोड, नाली, पुलिया एवं अन्य विकास कार्यों का वार्ड 58 में विभिन्न 4 स्थानों पर भूमिपूजन किया गया एवं जोन 6 अंतर्गत मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड और शहीद पंकज विक्रम वार्ड में लगभग एक करोड़ 50 लाख रूपये के नए विकास कार्य शीघ्र जनहित में जनसुविधा विस्तार की दृष्टि से अधोसंरचना मद, रायपुर दक्षिण विधायक निधि, नगर निगम सामान्य मद निधि से करवाए जायेंगे. नगर निगम जोन 6 अंतर्गत रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 2 वार्डों में लगभग एक करोड़ 50 लाख के विभिन्न 23 स्थानों पर नये विकास कार्यों के भूमिपूजन के अवसर पर रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे सहित नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड पार्षद अंजलि जितेन्द्र गोलछा, वरिष्ठ नागरिकों व बच्चों की उपस्थिति रही।

# रायपुर में सिडबी का कार्यालय शुरू



**रायपुर, 30 अप्रैल।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के संवर्धन, वित्तपोषण और विकास के लिए प्रमुख वित्तीय संस्था, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने रायपुर के पंडरी स्थित एलआईसी बिल्डिंग में अपने नए, अत्याधुनिक रायपुर शाखा कार्यालय का उद्घाटन किया है।

नए परिसर का उद्घाटन प्रकाश कुमार, उप प्रबंध निदेशक, सिडबी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों, उद्योग प्रतिनिधियों, ग्राहकों और हितधारकों की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रकाश कुमार ने कहा, हमें रायपुर में सिडबी के नए कार्यालय परिसर का उद्घाटन करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह आधुनिक कार्यस्थल छत्तीसगढ़ में लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नया कार्यालय हमारी टीम के लिए एक प्रेरक और गतिशील कार्य वातावरण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और ग्राहकों और हितधारकों को कुशलतापूर्वक सेवा प्रदान करने की हमारी क्षमता को और मजबूत करेगा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26